# दैनिक करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। मंगलवार 06 जनवरी -2026 ● वर्ष : 11 अंक : 18 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3












## बांग्लादेश में नहीं रुक रहे हिंदुओं पर अत्याचार

# बांग्लादेश में विधवा से गैंगरेप फिर पेड़ से बांधकर काटे बाल

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ अत्याचार नहीं रुक रहे हैं। ताजा मामला वहां एक हिंदू विधवा महिला से रेप का आया है। दो लोगों ने पहले उसके साथ रेप किया और फिर पेड़ से बांधकर उसके बाल काट दिए। मामला सेंट्रल बांग्लादेश के कालीगंज इलाके का है। लोकल मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पुलिस में अपनी शिकायत में महिला ने कहा कि उसने ढाई साल पहले कालीगंज म्युनिसिपैलिटी के वार्ड नंबर 7 में शाहीन और उसके भाई से 20 लाख टका में तीन डेसिमल जमीन और एक दो मंजिला घर खरीदा था। उसके बाद, शाहीन ने महिला को गंदे प्रपोजल देने शुरू कर दिए और मना करने पर उसे परेशान करना शुरू कर दिया।



शनिवार शाम को, जब विधवा के गांव से दो रिश्तेदार आए हुए थे। उसी वक्त शाहीन और उसका साथी हसन उसके घर में घुस आए और उसके साथ रेप किया। फिर उन्होंने उससे 50,000 टका (करीब 37,000 रुपए) मांगे।

जब महिला चिल्लाने लगी, तो उन्होंने उसे एक पेड़ से बांधा और उसके बाल काट दिए। इसका उन्होंने वीडियो बनाया और सोशल मीडिया पर डाल दिया।

उन्होंने विधवा को भी टॉर्चर किया और फिर वह बेहोश हो गई। आस-पास के लोगों ने उसे बचाया और उसे जेनेदाह सदर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। पहले महिला ने डॉक्टरों को कुछ नहीं बताया। बाद में, मेडिकल जांच से उन्हें पता चला कि उसके साथ कुछ गलत हुआ है। इसके बाद महिला ने शाहीन और हसन का नाम लेते हुए कालीगंज पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

इससे पहले शरियतपुर जिले में हिंदू शख्स खोकन चंद्र दास को भीड़ ने हमला कर आग के हवाले कर दिया था। दास एक तालाब में कूदकर भागने में कामयाब रहा था और शनिवार को उसकी मौत हो गई।

### बांग्लादेश में एक और हिंदू की गोली मारकर हत्या

बांग्लादेश में एक और हिंदू की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। यह घटना जेस्सोर जिले के मोनिरामपुर में सोमवार की दोपहर की है, जब कट्टरपंथियों ने राणा प्रताप बैरागी नाम के हिंदू युवक की सरेआम गोली मारकर जान ले ली। पड़ोसी देश में चुनाव करीब हैं, लेकिन हिंदुओं पर अत्याचार की खबरें रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। राणा प्रताप बैरागी की हत्या को मिलाकर पिछले तीन हफ्ते में यह बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के लोगों के खिलाफ हुई 5वीं वारदात है. जानकारी के मुताबिक, राणा प्रताप बैरागी पर अचानक से हमला किया गया था. इस घटना के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है.

# लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा, आईपीएल से लेकर बांग्लादेश क्रिकेट तक मोदी के दबाव में हुआ फैसला

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** लोनी से भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के विधायक नंदकिशोर गुर्जर का एक अहम बयान सामने आया है, जिसमें उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय खेल मंत्री और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) का आभार व्यक्त किया है।

उन्होंने आईपीएल से बांग्लादेशी खिलाड़ी को बाहर किए जाने के फैसले को भारत की सशक्त नीति का प्रतीक बताते हुए कहा कि इसका सीधा और स्पष्ट संदेश बांग्लादेश तक पहुंचा है। नंदकिशोर गुर्जर ने कहा कि आईपीएल केवल एक क्रिकेट टूर्नामेंट नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की सोच, नीति और प्रभाव को दर्शाने वाला मंच है। ऐसे में बांग्लादेशी खिलाड़ी को आईपीएल से बाहर किया जाना बांग्लादेश के लिए बड़ा झटका है। उन्होंने दावा किया कि इस फैसले से बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड पर दबाव बना है और वहां की क्रिकेट व्यवस्था को अपनी नीतियों पर पुनर्विचार करना पड़ा है।

### हिंदू सनातनियों की जीत : नंद किशोर गुर्जर



करंट क्राइम : लोनी विधायक ने बांग्लादेश क्रिकेट टीम में लिटन दास को कप्तान बनाए जाने को लेकर भी अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने इसे हिंदू सनातनियों की जीत बताते हुए कहा कि यह फैसला केवल खेल से जुड़ा नहीं है, बल्कि इसका सामाजिक और वैचारिक संदेश भी है। विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा कि यह बदलाव यह दशार्ता है कि अब बांग्लादेश को भी अंतरराष्ट्रीय दबाव और परिस्थितियों को ध्यान में रखकर फैसले लेने पड़ रहे हैं। उन्होंने इस पूरे घटनाक्रम का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत ने हर क्षेत्र में सशक्त और निर्णायक भूमिका निभाई है। विधायक के अनुसार, यह देश के सभी वर्गों की जीत है, लेकिन खासतौर पर सनातनी समाज के लिए यह गर्व का विषय है। नंदकिशोर गुर्जर ने कहा कि भारत अब हर मंच पर अपनी संस्कृति, सम्मान और राष्ट्रीय हितों के साथ खड़ा है और यही उसकी सबसे बड़ी ताकत बनकर उभरी है।

# गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में 365 दिनों में 170 दिन मुठभेड़ 212 बदमाशों के पैर में लगी गोली, तीन कुख्यात ढेर

गौरव शशि नारायण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में बीते एक वर्ष में अपराधियों के खिलाफ सख्त और निर्णायक कार्रवाई करते हुए कानून व्यवस्था को मजबूत किया है। आंकड़ों के अनुसार, साल के 365 दिनों में 170 दिन पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई। इन मुठभेड़ों के दौरान पुलिस ने 292 अपराधियों को गिरफ्तार किया, जिनमें से 212 बदमाशों को गोली लगने के बाद ऑपरेशन लंगड़ा के तहत काबू किया गया, जबकि तीन कुख्यात अपराधियों को पुलिस ने मुठभेड़ में ढेर किया गया है। पुलिस की इस सक्रिय कार्रवाई ने अपराधियों में खौफ और आमजन में सुरक्षा का भरोसा बढ़ाया है।

**पुलिस की इस कार्रवाई से अपराधियों में खौफ**

## ट्रांस हिंडन और देहात जोन में सबसे ज्यादा एनकाउंटर



### 212 बदमाश ऑपरेशन लंगड़ा में काबू, तीन का हुआ अंत

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में ऑपरेशन लंगड़ा के तहत पुलिस ने 212 बदमाशों को गोली मारकर गिरफ्तार किया। वहीं, तीन ऐसे कुख्यात बदमाश थे जिन्हें पुलिस ने मुठभेड़ में ढेर किया। इनमें 50 हजार रुपये के इनामी बलराम ठाकुर का नाम प्रमुख है, जिसे क्राइम ब्रांच गाजियाबाद की टीम ने फुल एनकाउंटर में मार गिराया। बलराम ठाकुर पर दो कारोबारियों से रंगदारी मांगने और एक कारोबारी के अपहरण कर फिरौती वसूलने जैसे गंभीर आरोप थे।

### ट्रांस हिंडन और देहात जोन रहे सबसे सक्रिय

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबादक्षेत्र में हुई मुठभेड़ों में ट्रांस हिंडन जोन और देहात जोन की पुलिस सबसे अधिक सक्रिय रही। इन दोनों जोन में लगातार बदमाशों के साथ आमना-सामना हुआ। इसके अलावा क्राइम ब्रांच स्वॉट टीमों ने भी मुठभेड़ों में अहम भूमिका निभाते हुए कई वांछित अपराधियों को गिरफ्तार किया। वहीं 2025 में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सिटी जोन में कुल 52 मुठभेड़ हुई और इनमें 91 अपराधियों को हिरासत में लिया गया।

### 2026 में भी जारी रहेगा ऑपरेशन क्लीन : सीपी



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के कमिश्नर जे रविंदर गौड ने स्पष्ट किया कि अपराध नियंत्रण और बेहतर कानून व्यवस्था के लिए वर्ष 2026 में भी ऑपरेशन ह्यक्लीन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि जनता की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई आगे भी इसी सख्ती से की जाएगी।

## हाउस टैक्स वृद्धि को लेकर बोले पूर्व मेयर अशु वर्मा

# अगर मैं होता गाजियाबाद का मेयर, बनता शहर की आवाज और करता जनता के हितों की पूरी केयर



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एक कार्यक्रम में एक ऐसी चर्चा हुई जब ये शब्द आ गये कि अगर अशु वर्मा होते तो टैक्स ना बढ़ता। अगर वो होते तो ये होता, अगर वो होते तो ये होता। इन सबके बीच दैनिक करंट क्राइम ने सीधे सीधे गाजियाबाद के पूर्व मेयर अशु वर्मा से ही बात की और उनसे ये जाना कि वर्तमान परिस्थितियों में हाउस टैक्स को लेकर जो कुछ चल रहा है उस पर आपकी क्या राय है। यदि आप मेयर होते तो आप क्या करते? ये सवाल इसलिए भी लाजमी है कि सत्ताधारी दल के पार्षद ही बढ़े हुए हाउस टैक्स के खिलाफ सदनमें मोर्चा खोल चुके हैं। बढ़े हुए हाउस टैक्स का प्रस्ताव सर्वसम्मति से निरस्त हो चुका है। मेयर इसकी घोषणा कर चुकी है। भाजपा के ही पूर्व सीनियर पार्षदों ने हाईकोर्ट में केस दाखिल किया और मुकदमा लड़ रहे हैं। भाजपा के ही पार्षद लखनऊ में नगर विकास मंत्री से लेकर मुख्यमंत्री के सचिव से मिलकर आये हैं। भाजपा के विधायक ने पत्र लिखा और सांसद ने सहमति जताई। लेकिन इसके बाद भी लोगों को बढ़े हुए हाउस टैक्स के संदेश गये। यहां तक की खुद पूर्व मेयर अशु वर्मा ने भी जब टैक्स जमा कराने के लिए अपने कर्मचारी को भेजा तो उनसे भी बढ़ी हुई दर पर टैक्स लिया गया। ऐसे में जब करंट क्राइम ने उनसे सवाल किया तो यहां अशु वर्मा खुलकर सामने आये। उन्होंने कहा कि जनता के पास उनके हाउस टैक्स के दोगुने और तीन गुने दर की वृद्धि से बिल भेजे गये हैं। उन्होंने कहा कि खुद मैंने जब टैक्स जमा करने के लिए अपना कर्मचारीभेजा तो मुझसे भी नई दर पर टैक्स लिया गया। पुरानी दर से टैक्स नहीं जमा किया गया। अगर मैं मेयर होता, के सवाल पर उन्होंने कहा कि यदि मैं मेयर होता तो मैं नगर निगम के सदन का सम्मान करता। नगर निगम के सदन में 100 पार्षद हैं, तीन विधायक हैं, एमएलसी हैं और लोकसभा सांसद भी हैं। ये सब नगर निगम के सदस्य हैं। उन्होंने कहा कि चूंकि मेयर नगर निगम पार्षद दल का मुखिया होता है। मेयर नगर निगम के सदन के मुखिया होते हैं तो इस नाते मुझे पार्षदों की आवाज बनना है। उन्होंने कहा कि ये सभी पार्षद अपने अपने क्षेत्र की जनता द्वारा चुने गये जनप्रतिनिधि हैं। ये पार्षद शहर की जनता की आवाज हैं और पार्षदों की आवाज का सदन में सम्मान करना शहर की आवाज का सम्मान है। मैं मेयर होता तो पार्षदों की आवाज का सम्मान करता और उनके रूप में शहर की आवाज का सम्मान करता। पूर्व मेयर अशु वर्मा ने कहा कि अगर मेरे कार्यकाल में ऐसा हाउस टैक्स वृद्धि का बिल आता तो मैं सदन की भावनाओं का सम्मान करता। उन्होंने कहा कि इस बात को याद रखा जाना चाहिए कि सदन में बैठने वाले सभी पार्षद चुनाव लड़कर, चुनाव जीतकर आये हैं। उन्हें जनता ने वोट देकर जिताकर अपनी आवाज बनाकर सदन में भेजा है। जनता के द्वारा चुने गये सभी जनप्रतिनिधि जनता के प्रति जवाबदेय होते हैं। मैं अगर मेयर होता तो शतप्रतिशत अपने शहरवासियों की आवाज का सम्मान करता।

# कुछ तो असर दिखायेगी प्रदेश वाले चौधरी से ये मुलाकात पूर्व सांसद के नेतृत्व में ऐसे ही तो नहीं आ गये हैं ये सारे चेहरे एक साथ

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति में मुलाकातों का अर्थ होता है। सियासी सरगरमी के दौर में मुलाकातें संदेश देती हैं और कई बार मुलाकातों से ही सियासी सरगरमी बढ़ जाती है। राजनीति के परिदृश्य में ऐसा एक बार नहीं कई बार हो चुका है। नई राजनीति की चाबी ही नई लॉबी के पास होती है। प्रदेश अध्यक्ष से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष तक परिवर्तन हो गया है और परिवर्तन का असर समूची राजनीति पर दिखाई देगा। परिवर्तन हुआ है तो फिर बहुत कुछ परिवर्तित होगा। पंकज चौधरी जब प्रदेश अध्यक्ष बने तो दैनिक करंट क्राइम ने ये प्रकाशित किया था कि प्रदेश के नए चौधरी से पुरानी पहचान यहां किसी की नहीं है। इसके बाद एक तस्वीर सामने आई और पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल ने दैनिक करंट क्राइम से इस बात को साझा किया। उन्होंने पुरानी तस्वीर से नई इबारत लिखी और बताया कि पुराने दिनों में प्रदेश अध्यक्ष और वो खुद एक साथ संसद के सदन













में साथ रहे हैं। कैंटीन में साथ खाना खाया है। इसके बाद ये तय हो गया कि अनिल अग्रवाल एक ऐसा फेस हैं जिनके पास ये बताने के लिए पुरानी तस्वीर है कि संबंध पुराने हैं। भगवागढ़ की राजनीति में एक बार फिर अनिल अग्रवाल की तस्वीर ने खलबली मचा दी है। इस तस्वीर में वो प्रदेश अध्यक्ष के साथ तो हैं ही लेकिन उनके साथ भगवागढ़ की राजनीति के वो चेहरे हैं जो एक नई इबारत का संदेश दे रहे हैं। सियासत में ये तस्वीर क्या असर दिखायेगी और इस मुलाकात का क्या असर है इसके मायने तलाशे जा रहे हैं। दरअसल भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी से वरिष्ठ भाजपा नेता बृजपाल तेवतिया मिले। इस मुलाकात में धौलाना के विधायक धर्मेश तोमर साथ रहे। इस मुलाकात में मुरादनगर के गोपाल अग्रवाल साथ रहे। लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर साथ रहे। ये मुलाकात इसलिए खास है क्योंकि इन सभी को अपने साथ लेकर पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल गये थे। सूत्र बताते हैं कि मुलाकात की पूरी भूमिका पूर्व सांसद अनिल अग्रवाल ने तय की और इन सभी को एक सूत्र में पिरोकर इस मुलाकात को अनिल अग्रवाल ने कराया। सभी के पास अनिल अग्रवाल का फोन आया और उसके बाद ये मुलाकात हुई। उधर भी नए चेहरे और इधर भी नए चेहरे। हालांकि उधर भी भाजपा के पुराने चेहरे हैं और इधर भी भाजपा के पुराने चेहरे हैं लेकिन नई व्यवस्था परिवर्तन के बाद उधर भी चेहरे नए हैं और इधर भी चेहरे नए हैं। ऐसे में इस मुलाकात का कुछ तो असर है। प्रदेश अध्यक्ष से मुलाकात और वो भी एक साथ।

### कुशल व्यवहार और सबको साथ लेकर चलते हैं अनिल अग्रवाल



करंट क्राइम। अनिल अग्रवाल अब राज्यसभा के पूर्व सांसद हो गये हैं लेकिन उन्होंने अपने व्यवहार से सबको कायल किया है। अनिल अग्रवाल बोल्ड तरीके से अपने रिश्तों को अपने चेहरों को होल्ड करते हैं, साथ लेकर चलते हैं। बड़े दिल की राजनीति करते हैं। आमतौर पर राजनीति में जब कोई चेहरा बड़े चेहरों से मिलता है तो वो अकेला होता है। लेकिन पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल ने एक नया ट्रैंड सेट किया है कि वो बड़े चेहरों से भी मिलते हैं तो अपने शहर के चेहरों को साथ लेते हैं। दिल्ली में जब प्रदेश अध्यक्ष से मुलाकात हुई तो उन्होंने इस मुलाकात में अहम भूमिका निभाई और सबसे बड़ी बात ये है कि अनिल अग्रवाल ने फोन किया। अनिल अग्रवाल का व्यवहार और उनका सहयोग वाला रैवया इस मुलाकात में सामने आया। बड़ी बात ये भी रही कि ये तस्वीरें भी खुद अनिल अग्रवाल ने सोशल मीडिया पर साझा कीं।

### सीधा सा संदेश बन रहा है एक अलग ही बेस

करंट क्राइम। राजनीति तेजी से बदल रही है और इस बदलाव का सबसे बड़ा उदाहरण वो गाजियाबाद है जहां से भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहते हुए राजनाथ सिंह लोकसभा सांसद रहे हैं। वो गाजियाबाद जिसकी साहिबाबाद विधानसभा से भाजपा को पूरे देश में सबसे बड़ी जीत मिली है। उस गाजियाबाद में अब ये मुलाकात संदेश दे रही है और इसे सियासत वाले बखूबी समझ रहे हैं। संदेश लोनी से धौलाना तक है। संदेश मोदीनगर मुरादनगर में है और संदेश नए चेहरों का है। लोनी से शुरूआत करें तो यहां विधायक नन्द किशोर गुर्जर के सामने कई चुनौतियां हैं और अब ये नई जुगलबंदी का संदेश सीधा समझ में आ रहा है। लखनऊ में नहीं दिल्ली में बैठकर यूपी के प्रदेश अध्यक्ष से गाजियाबाद की सियासत पर चर्चा हुई है। धौलाना से धर्मेश तोमर विधायक है यहां की सियासत के बड़े खिलाड़ी हैं। उन्हें भी अब नई पिच तैयार करनी है। गोपाल अग्रवाल की पत्नी मुरादनगर नगर पालिका से अध्यक्ष का चुनाव लड़ीं। गोपाल अग्रवाल फिलहाल संगठन में महामंत्री हैं। सियासी कैरियर की बात है तो वीटो अगर काटनी है तो फिर नए बेस में आना ही होगा। यहां पर जाट चेहरों की बात करें तो बृजपाल तेवतिया एक ऐसा चेहरा जो जाट बिरादरी से लेकर किसान राजनीति का चेहरा हैं। फिलहाल लंबे समय से हाशिये पर हैं और 2027 में मोदीनगर की दावेदारी में ये चेहरा इसी बेस से फेस बनेगा। मुलाकात के सभी चेहरे राजनीति के खिलाड़ी हैं। अगली पारी और नई जिम्मेदारी वाला सीन है। एक तरीके से ये भी कहा जा सकता है कि अगली पारी के लिए अनिल अग्रवाल ने अपने साथ ले जाकर नए प्रदेश अध्यक्ष के सामने इन चेहरों की नई पारी की लांचिंग की है।



# दिल्ली विधानसभा में प्रदूषण पर जबर्दस्त हंगामा

## आम आदमी पार्टी के 4 विधायकों पर एक्शन, तीन दिन के लिए निष्कासित




**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा का चार दिवसीय शीतकालीन सत्र सोमवार को उपराज्यपाल वीके सक्सेना के अभिभाषण के साथ शुरू हुआ। सत्र की शुरूआत में ही एलजी के अभिभाषण के दौरान विपक्ष के विधायकों ने वायु प्रदूषण के मुद्दे पर हंगामा किया। इस हंगामे के कारण स्पीकर को कार्रवाई करनी पड़ी और विपक्ष के विधायकों को सदन से बाहर निकलवाना पड़ा। हंगामा करने के चलते आप विधायकों संजीव झा, कुलदीप कुमार, सोमदत्त और जरनैल सिंह को अगले 3 दिन के लिए सदन कि कार्यवाही से निष्कासित कर दिया गया है। विधानसभा को कल तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। आम आदमी पार्टी वायु प्रदूषण के मुद्दे पर भारतीय भाजपा सरकार को घेरने की पूरी तैयारी में है, और इसी के चलते सदन में आप के विधायक मास्क लगाकर पहुंचे। यह शीतकालीन सत्र 8 जनवरी तक चलेगा, हालांकि जरूरत पड़ने पर इसे बढ़ाया भी जा सकता है।

दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने विधानसभा को संबोधित करते हुए कहा, 'महात्मा गांधी के सर्वोदय, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय तथा बाबासाहब अम्बेडकर के समता के सिद्धांतों के अनुरूप पिछले 10 महीनों में सरकार ने दिल्ली के सभी नागरिकों के कल्याण की दिशा में अनेक निर्णय लिए हैं। इस वर्ष सरकार ने 1 लाख करोड़ का ऐतिहासिक बजट प्रस्तुत किया। सरकार ने इज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत व्यवसायिक प्रक्रियाओं को भी सरल बनाया है।'

दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने कहा, 'विधानसभा सत्र आज से शुरू हो रहा है, और मुझे बहुत खुशी है कि सरकार ने पिछले 10 महीनों में दिल्ली में बहुत काम किया है। कई पुरानी समस्याएं हैं जिनका सरकार सामना कर रही है, लेकिन मुझे विश्वास है कि आने वाले समय में नतीजे दिखेंगे। दिल्ली में प्रदूषण की समस्या है, यमुना नदी की सफाई की समस्या है, और सड़कों की समस्या है जिन्हें लंबे समय तक नजरअंदाज किया गया था। इन सभी चीजों में समय लगता है। सरकार तत्परता से काम कर रही है।'

### यह सत्र बहुत महत्वपूर्ण है: मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता




वहीं, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा, 'विधानसभा के शीतकालीन सत्र का अभिनंदन करते हुए, मैं कहना चाहूंगी कि सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों को अपनी जिम्मेदारियां निभानी चाहिए। विधानसभा का यह सत्र पॉलिसी और डिलीवरी के लिए बुलाया गया है, जहां महत्वपूर्ण चर्चाएं होती हैं। खासकर प्रदूषण जैसे मुद्दों पर, जिन पर सरकार ने सभी को चर्चा के लिए बुलाया है, सभी विधायकों को बहस में हिस्सा लेना चाहिए और दिल्ली को बेहतर समाधान देने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। यह सत्र बहुत महत्वपूर्ण है, और यह हमारी ज़िम्मेदारी है कि हम इसके हर पल का इस्तेमाल दिल्ली की भलाई के लिए करें।'

**'भाजपा प्रदूषण के मुद्दे पर काम करना तो दूर बात करने को भी तैयार नहीं' :** आम आदमी पार्टी ने वायु प्रदूषण के मुद्दे पर दिल्ली विधानसभा परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। नेता प्रतिपक्ष और आप नेता आतिशी ने कहा, 'दिल्ली के लोग सांस नहीं ले पा रहे हैं, वे जहरीली हवा से मर रहे हैं, लेकिन भाजपा प्रदूषण के मुद्दे पर काम करना तो दूर बात करने को भी तैयार नहीं है। आज हमें विधानसभा से क्यों निकाला गया? क्योंकि हमने मास्क पहने थे।

दिल्ली के लोग जहरीली हवा से मर रहे हैं, लेकिन भाजपा एक्यूआई मॉनिटर पर पानी डालने के अलावा कुछ नहीं कर रही है।



### लोग सांस नहीं ले पा रहे, दिल्ली सरकार क्या कर रही है?: आतिशी



दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और आप नेता आतिशी ने कहा, 'चार महीने से दिल्ली के लोग सांस नहीं ले पा रहे, बच्चों का दम घुट रहा है, बुजुर्गों की जान जा रही है। एम्स जैसे अस्पताल कह रहे हैं कि दिल्ली में लोगों की जीना मुश्किल हो रहा है। लेकिन दिल्ली सरकार क्या कर रही है? एक्यूआई मॉनिटर्स को मैनिपुलेट कर रही है। ग्रैप सही तरीके नहीं लगा रही। आज दिल्ली वालों को सांस लेने के लिए ये मास्क पहनने पड़ रहे हैं। आज दिल्ली की जनता की आवाज बनकर भाजपा का भंडाफोड़ करने के लिए आप के सभी विधायक ये मास्क पहन कर आए हैं।'

### दिल्लीवासियों को प्रदूषण से मिली हल्की राहत, खराब श्रेणी में पहुंची फिजा



नई दिल्ली( राजधानी दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) में रविवार की तुलना में आज कुछ सुधार देखा गया है। जहां रविवार को यह 'बेहद खराब' श्रेणी में पहुंच गया था, वहीं सोमवार को इसमें गिरावट दर्ज की गई और यह 'खराब' श्रेणी में आ गया है। एयर क्वालिटी अर्ली वार्निंग सिस्टम फॉर दिल्ली के अनुसार, सोमवार सुबह राष्ट्रीय राजधानी का वायु गुणवत्ता सूचकांक 266 दर्ज किया गया है, जो 'खराब' श्रेणी के अंतर्गत आता है। यह गिरावट प्रदूषण के बढ़ते स्तर पर नियंत्रण की दिशा में एक सकारात्मक संकेत है, हालांकि अभी भी हवा की गुणवत्ता चिंताजनक बनी हुई है। राजधानी के विभिन्न इलाकों में एक्यूआई की स्थिति पर नजर डालें तो केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली के अलीपुर में 275, आनंद विहार में 320, अशोक विहार में 301, आया नगर में 178, बवाना में 195, बुराड़ी में 216, और चांदनी चौक इलाके में 337 एक्यूआई दर्ज किया गया है। वहीं, डीटीयू इलाके में 272, द्वारका सेक्टर-8 में 288, आईजीआई एयरपोर्ट टी3 में 153, आईटीओ में 253, जहांगीरपुरी में 316, लोधी रोड में 182, मुंडका में 281, नजफगढ़ में 232, नरेला में 284, पंजाबी बाग में 276, आरकेपुरम में 295, रोहिणी में 299, सोनिया विहार में 296, विवेक विहार में 318, और वजीरपुर में 308 एक्यूआई दर्ज किया गया है। यदि हवा साफ है तो उसे इंडेक्स में 0 से 50 के बीच दशार्या जाता है। वायु गुणवत्ता के संतोषजनक होने की स्थिति तब होती है जब सूचकांक 51 से 100 के बीच होती है।

# उमर-शरजील इमाम को जमानत नहीं

## अदालत ने पांच अन्य लोगों को दी राहत



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में आज साल 2020 के दिल्ली दंगा मामले में आरोपी बनाए गए उमर खालिद, शरजील इमाम और अन्य की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने फैसले में कहा कि लंबे समय तक जेल में रहना जमानत का आधार नहीं बन सकता। इन दोनों को जमानत देने से इनकार करने के अलावा कोर्ट ने मामले के अन्य आरोपियों- गुलफिशा फातिमा, मीरान हैदर, शिफा उर रहमान, मोहम्मद सलीम खान और शादाब अहमद को जमानत दे दी।

**उमर खालिद के पिता बोले- मुझे कुछ नहीं कहना**

सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान 'भागीदारी के क्रम' का हवाला देते हुए कहा कि इस मामले में सभी आरोपी एक समान स्थिति में नहीं हैं। इसी को आधार बनाकर अदालत ने शरजील इमाम और उमर खालिद की जमानत की याचिका खारिज कर दी। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति एनवी अंजारी की पीठ ने कहा कि खालिद और इमाम के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत प्रथम दृष्टया मामला बनता है।

दिल्ली दंगों के मामले में उमर खालिद और शरजील इमाम इस मामले के अन्य आरोपियों की तुलना में अलग स्थिति में हैं। कोर्ट ने साफ किया कि मुकदमे के ट्रायल में हो रही देरी को 'ट्रंप कार्ड' की तरह इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। ऐसा करने से वैधानिक सुरक्षा उपाय स्वतः ही निरस्त होने का खतरा है। हालांकि, अदालत ने कहा कि गवाहों की जांच पूरी होने पर या वर्तमान आदेश की तारीख से एक वर्ष पूरा होने पर उमर खालिद और शरजील इमाम फिर से जमानत के लिए आवेदन कर सकते हैं। जमानत रद्द किए जाने पर उमर खालिद के पिता इलियास का कहना है कि 2020 के दिल्ली दंगों की साजिश के मामले में जमानत न मिलने के बारे में उन्हें कुछ नहीं कहना है।

### दो जजों की पीठ बोली- उमर और शरजील पर गंभीर आरोप इसलिए राहत नहीं

अदालत ने कहा कि दोनों के खिलाफ यूएपीए के तहत प्रथम दृष्टया आरोप गंभीर हैं, इसलिए इस स्तर पर दोनों को राहत नहीं दी जा सकती। जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ ने कहा, उमर खालिद और शरजील इमाम के खिलाफ लगाए गए आरोप गंभीर हैं और वअढअ कानून के अंतर्गत तय शर्तें भी पूरी होती हैं। ऐसे में ट्रायल में होने वाली देरी को फिलहाल जमानत का ठोस आधार नहीं माना जा सकता।

**10 दिसंबर को जमानत पर सुरक्षित रखा था फैसला :** बता दें कि विगत 10 दिसंबर, 2025 को सभी आरोपियों की जमानत याचिका पर सुनवाई के बाद शीर्ष अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। कोर्ट ने 18 दिसंबर तक दोनों पक्षों को अपनी दलीलों के समर्थन में तमाम दस्तावेज जमा कराने को भी कहा था।

# दिल्ली के लक्ष्मी नगर इलाके में दबंगों की गुंडागर्दी

## बाप-बेटे के कपड़े उतारकर बेरहमी से पीटा, पुलिस बनी मूकदर्शक




**नई दिल्ली।** दिल्ली के लक्ष्मी नगर इलाके में 2 जनवरी को हुई एक खौफनाक घटना ने कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। यहां दबंगों के एक गिरोह ने एक बाप-बेटे को न केवल बेरहमी से पीटा, बल्कि युवक को नंगा कर सड़क पर घसीटते हुए भी पीटा। हैरत की बात यह है कि पुलिस की मौजूदगी में भी दबंग युवक को घसीटते रहे, लेकिन वे मूकदर्शक बने रहे। इस बर्बरता का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें बदमाशों की हैवानियत साफ दिखाई दे रही है।

जानकारी के अनुसार, पीड़ित के घर में जिम खोला हुआ है, जिसे लेकर विवाद चल रहा था। आरोपी विकास यादव, शुभम यादव, ओमकार यादव और पिंटू यादव ने पीड़ित के बेटे को पीटा, फिर उसे घसीटकर सड़क पर ले आए और नंगा कर जूतों से मारा। इस दौरान उसके दांत भी तोड़ दिए गए और सिर पर भी गंभीर चोटें आईं। उसके पिता को भी जिम में नंगा कर पीटा गया। बदमाशों ने पीड़ित की पत्नी के साथ भी मारपीट की।

इस पूरी घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। फुटेज में साफ दिख रहा है कि कैसे भीड़ तमाशबीन बनी खड़ी रही और किसी ने भी पीड़ित बाप-बेटे को बचाने की जहमत नहीं उठाई। वीडियो में एक पुलिसकर्मी पीड़ित को उसकी पैंट लाकर देता दिख रहा है। पुलिस के सामने भी बदमाशों का यह दुस्साहस चिंताजनक है।

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आरोपियों विकास यादव, शुभम यादव, ओमकार यादव और पिंटू यादव के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

हालांकि, पुलिस की निष्क्रियता और घटना के समय उनकी मौजूदगी को लेकर लोगों में भारी रोष है। इस घटना ने दिल्ली में कानून व्यवस्था की स्थिति पर एक बार फिर सोचने पर मजबूर कर दिया है।

# योगी सरकार का बड़ा फैसला

## पुलिस भर्ती में आयु सीमा पर तीन साल की राहत




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहे लाखों युवाओं को योगी आदित्यनाथ सरकार ने बड़ी राहत दी है।

अभ्यर्थियों के हितों को प्राथमिकता देते हुए मुख्यमंत्री के निर्देश पर पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर प्रस्तावित सीधी भर्ती-2025 के लिए अधिकतम आयु सीमा में एकमुश्त तीन वर्ष का शिथिलीकरण प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में शासनादेश जारी कर दिया गया है।

**लाखों युवाओं को होगा लाभ :** सीधी भर्ती-2025 के अंतर्गत कुल 32,679 पदों को भरे जाने के लिए यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। शासनादेश के अनुसार आरक्षी नागरिक पुलिस (पुरुष/महिला), आरक्षी पीएसी/सशस्त्र पुलिस (पुरुष), आरक्षी विशेष सुरक्षा बल (पुरुष), महिला बटालियन हेतु महिला आरक्षी, आरक्षी घुड़सवार पुलिस (पुरुष) तथा जेल वार्डर (पुरुष एवं महिला) पदों पर भर्ती प्रक्रिया में सम्मिलित होने वाले सभी वर्गों के अभ्यर्थियों को यह आयु शिथिलीकरण एक बार के लिए प्रदान किया जाएगा।

सरकार द्वारा यह निर्णय उत्तर प्रदेश लोक सेवा (भर्ती के लिए आयु सीमा का शिथिलीकरण) नियमावली-1992 के नियम-3 के आलोक में लिया गया है।

# दिल्ली पहुंचे सीएम योगी, पीएम मोदी से मुलाकात की

## मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर चर्चाएं तेज

**लखनऊ।** यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ दिल्ली दौरे पर हैं। सोमवार को उन्होंने पीएम मोदी से मुलाकात की है। पीएम मोदी से मुलाकात के बाद सीएम योगी गृहमंत्री अमित शाह से भी मुलाकात करेंगे। इन मुलाकातों के बाद अब मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर चर्चाएं तेज हो चली हैं। बीते दिनों सीएम योगी के आवास पर भाजपा के नवनियुक्त अध्यक्ष पंकज चौधरी के साथ इस मामले पर लंबी बैठक हुई थी। आज इसी सिलसिले में सीएम योगी भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन से मुलाकात कर सकते हैं।

भाजपा सूत्रों के अनुसार, सीएम योगी अभी तक नितिन नबीन से नहीं मिले हैं। वह उनके साथ उनकी पहली औपचारिक मुलाकात भी है। राजनीतिक गलियारों से चर्चाएं यह भी आ रही हैं कि नितिन नबीन के साथ सीएम कैबिनेट के विस्तार पर भी चर्चा कर सकते हैं। हालांकि आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि नहीं हुई है।




वहीं, अपने एक्स अकाउंट से पीएम मोदी ने सीएम योगी से मुलाकात की तस्वीर शेयर की है।

यूपी में कैबिनेट विस्तार की अटकलें काफी समय से चल रही हैं। पंकज चौधरी के अध्यक्ष बनने के बाद नए सिरे से पार्टी और संगठन में नेताओं का समायोजन होना था।

# कोलेस्ट्राल घटाने के चक्कर में लोगों का बिगड़ रहा हार्मोंस संतुलन, कमजोर हो रही हैं अस्थियां

**अध्ययन : एनर्जी ड्रिंक, जंक फूड, मिठाई, शराब आदि से खराब कोलेस्ट्राल एलडीएल बनता है।**



**कानपुर।** कोलेस्ट्राल घटाने के चक्कर में लोग हार्मोंस का संतुलन बिगाड़ ले रहे हैं। टोटल कोलेस्ट्राल कम करने में अच्छा कोलेस्ट्राल एचडीएल भी कम हो जा रहा है। इससे अस्थियां कमजोर हो रही हैं। शरीर की ताकत कम हो जाती है। महिलाओं में बांझपन और पुरुषों का स्पर्म काउंट कम हो सकता है। हैलट में आए ऐसे एक हजार रोगियों की हिस्ट्री के अध्ययन में कोलेस्ट्राल की कमी पाई। महिलाओं में एस्ट्रोजन और पुरुषों में टेस्टोस्टेरोन की कमी हो जाती है।

शरीर में स्वस्थ कोशिकाओं के निर्माण, विटामिन डी, एस्ट्रोजन और टेस्टोस्टेरोन हार्मोंस और भोजन पचाने के लिए पित्त निर्माण के लिए कोलेस्ट्राल की जरूरत होती है। हृदय रोगियों के साथ ही आम व्यक्ति भी जांच में कोलेस्ट्राल बढ़ा होने पर दवाएं लेने लगते हैं। टोटल कोलेस्ट्राल घटाने पर खराब के साथ अच्छा कोलेस्ट्राल घट जाता है। इससे नई मुसीबत खड़ी हो जाती है। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के अस्थि रोग विभाग के वरिष्ठ विशेषज्ञ डॉ. फहीम अंसारी ने बताया कि दो साल में इस दिक्कत के 1000 रोगी आए हैं।

उन्होंने बताया कि रोगियों का आंकड़ा तैयार किया गया है। लो कोलेस्ट्राल की दिक्कत 40 से 60 वर्ष आयु वर्ग के लोगों में अधिक बढ़ रही है। इसकी वजह से महिलाओं में जल्दी रजोनिवृत्ति हो जाती है। पुरुषों का स्पर्म काउंट घट सकता है और नपुसंकता आती है।

साथ ही अस्थि रोग बढ़ने लगते हैं। जो रोगी उनके पास आए, वे मांसपेशियों में ऐंठन, कमजोरी, हड्डियों को जोड़ों और कमर में दर्द आदि समस्या लेकर आए थे। जांच कराई गई तो उनके लो एचडीएल कोलेस्ट्राल निकला है। टोटल कोलेस्ट्राल 300 के नीचे था।

एनर्जी ड्रिंक, जंक फूड, मिठाई, शराब आदि से खराब कोलेस्ट्राल एलडीएल बनता है। इससे कार्टिसोल बनता है जिससे नींद खराब होती है।

# कुल्लू-मनाली की सर्द फिजाओं में उमड़े लाखों पर्यटक




**कुल्लू।** कुल्लू। देश-विदेश के पर्यटकों में कुल्लू-मनाली का क्रेज बढ़ा है। देश की राजधानी दिल्ली और एनसीआर में प्रदूषण और कोहरे के चलते ठंडी फिजाओं में सुकून के पल बिताने के लिए इस बार क्रिसमस और न्यू ईयर पर अधिक पर्यटक पहुंचे हैं।

दिसंबर में दो लाख से अधिक पर्यटकों ने कुल्लू-मनाली का रुख किया है। मनाली के ग्रीन टैक्स बैरियर के आंकड़ों के अनुसार दिसंबर के महीने में ही करीब 43000 पर्यटक वाहन पर दर्ज किए गए हैं। ये पिछले साल के मुकाबले में अधिक हैं। क्रिसमस और न्यू ईयर के बीच मनाली के ग्रीन टैक्स बैरियर में 2300 से 2500 वाहन पंजीकृत हुए। साथ ही पार्वती घाटी के पर्यटन स्थल कसोल और बंजार के जिभी आदि क्षेत्रों में पर्यटकों की खूब चहल-पहल रही।

कसोल विदेशी पर्यटकों की पसंदीदा जगह है। ऐसे में यहां भी पर्यटकों की अच्छी संख्या न्यू ईयर पर देखने को मिली।

खास बात यह है कि क्रिसमस और न्यू ईयर पर भले ही मनाली में बर्फबारी नहीं हुई। ऊंची चोटियों पर हुई बर्फबारी ने ही पर्यटकों को अपनी ओर खींचा। विंटर सीजन में पर्यटन कारोबार गति पकड़ने से पर्यटन कारोबारी गदगद हैं। मनाली के होटलों में जनवरी के तीसरे सप्ताह में भी ऑक्यूपेंसी 70 से 80 फीसदी तक चल रही है। आने वाले दिनों में भी मनाली, कसोल, जिभी आदि क्षेत्रों में पर्यटकों की चहल-पहल बरकरार रहने की उम्मीद है।

**NAME CHANGED**

I am Viyanshi Garg, daughter of Shri Vipin Garg, resident of 3 Third B 53 Nehru Nagar Ghaziabad. My name in the old birth certificate is Viyanshi, which is wrong. My correct name is Viyanshi Garg. In future, I should be known and recognized by my correct name.




# उत्तर प्रदेश विधान परिषद से पहुंची 6 सदस्यों की विशेष समिति गाजियाबाद

# अवैध कब्जे से लेकर जनसमस्याओं की हो रही है जांच



**सूत्र बताते हैं कि यहां नाराजगी वाला सीन हुआ और जैसे ही ये सीन हुआ वैसे ही प्रशासन के एक अधिकारी ने बैठक में मौजूद छायाकारों से बाहर जाने का अनुरोध किया। लेकिन जो बातें अंदर हो गई वो फिर बाहर आ गईं। सूत्र बताते हैं कि हालांकि बाद में अधिकारी पहुंचे। स्थानीय अधिकारियों ने भी मामले को काफी हद तक संभाला। लेकिन समिति अधिकारियों की नामौजूदगी को गंभीरता से लेकर गई है।**

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद के दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में उत्तर प्रदेश विधान परिषद की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कुँवर महाराज सिंह (मा० सभापति) ने की, जिसमें डॉ. जयपाल सिंह, विजय बहादुर पाठक, अशोक कटारिया, धर्मेन्द्र कुमार भारद्वाज, पवन सिंह, और शहनवान खान सहित समिति के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे। इस बैठक का उद्देश्य उत्तर प्रदेश के विकास प्राधिकरणों, आवास विकास परिषद, जिला पंचायतों और नगर निगमों में व्याप्त अनियमितताओं की जांच और उनका समाधान करने पर चर्चा करना था। बैठक के आरंभ से पूर्व, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर और गाजियाबाद के अधिकारियों ने पुष्प गुच्छ, शॉल ओढ़ाकर और प्रतीक चिन्ह भेंट करके माननीय सभापति एवं अन्य समिति सदस्यों का स्वागत किया।

बैठक में सबसे पहले गौतमबुद्ध नगर की समीक्षा की गई, जहां पर कुछ नामित अधिकारियों की गैरमौजूदगी को लेकर समिति ने नाराजगी व्यक्त की। नोएडा और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों द्वारा संतोषजनक उत्तर न देने पर उन्हें लखनऊ में प्राधिकरण से संबंधित मामलों पर चर्चा करने के लिए निर्देशित किया गया। वहीं, गौतमबुद्ध नगर के जिला पंचायत विभाग के कार्यों की सराहना की गई। बुलंदशहर में भी बैठक के दौरान नामित अधिकारियों की अनुपस्थिति के कारण बैठक स्थगित कर दी गई। गाजियाबाद में समीक्षा के दौरान, सभी विभागों से संबंधित मामलों की गहन जांच की गई। समिति ने इन मामलों के शीघ्र समाधान के लिए एक माह के भीतर आख्या रिपोर्ट समिति को भेजने के निर्देश दिए। इसके अलावा, समिति ने सरकारी भूमि पर अवैध अतिक्रमण को रोकने और पूर्व अतिक्रमणों की जांच करने के लिए निर्देश दिए। समिति ने यह भी निर्देशित किया कि यदि कोई व्यक्ति किसी विभागीय अधिकारी के पास अपनी समस्या लेकर आता है, तो उसे गंभीरता से सुना जाए और त्वरित समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। इसके अतिरिक्त, समिति ने गरीब और असहाय लोगों के लिए ठंड से बचाव हेतु ठंडी के मौसम में चिन्हित स्थानों पर अलाव और कम्बल वितरण की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि किसी भी व्यक्ति के साथ अन्याय न हो और मानवीय संवेदनाओं को ध्यान में रखते हुए कार्य किए जाएं।

समिति ने पेयजल की शिकायतों के समाधान पर भी विशेष ध्यान देने की आवश्यकता जताई। बैठक में समिति के अधिकारियों के साथ-साथ गाजियाबाद के जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मोंड, जीडीए उपाध्यक्ष नन्दकिशोर कलाल, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, सीडीओ अभिनव गोपाल, जीडीए सचिव विवेक मिश्र, कार्यक्रम नोडल अधिकारी डॉ. संतोष कुमार उपाध्याय, एडीएम एल/ए अवनीश कुमार मिश्र, एसडीएम सदर अरुण दीक्षित और अन्य विभागीय अधिकारी भी मौजूद थे। गौतमबुद्ध नगर और बुलंदशहर से भी संबंधित अधिकारी इस बैठक में शामिल हुए।

## क्यों हो गये समिति के सदस्य अधिकारियों की गैरमौजूदगी से नाराज

करंट क्राइम। विधान परिषद की एक समिति आई और इस समिति को विकास प्राधिकरण, आवास विकास परिषद, जिला पंचायत और नगर निगम से जुड़े कई मामलों में जांच करनी थी। जाहिर सी बात है कि अगर विधान परिषद की 6 विधायकों वाली समिति आ रही है तो इसके मायने हैं। बताते हैं कि इस मीटिंग में कई जिलों के अधिकारियों को आना था। जिनमें दो जिलों के जिलाधिकारी भी शामिल थे। लेकिन समिति के सभापति सहित सभी सदस्यों का मूड उस समय खराब हो गया जब उन्होंने बैठक में कई अधिकारियों का नाम लिया और वो अधिकारी गैर हाजिर मिले। तीन जिलों के साहब यहां नहीं थे और अधिकारियों को बैठक में ना पाकर समिति के पदाधिकारी नाराज हुए। उनका ये कहना था कि जब पहले से ये खबर है और अधिकारी नहीं हैं तो फिर इस बैठक के क्या मायने हैं। सूत्र बताते हैं कि यहां नाराजगी वाला सीन हुआ और जैसे ही ये सीन हुआ वैसे ही प्रशासन के एक अधिकारी ने बैठक में मौजूद छायाकारों से बाहर जाने का अनुरोध किया। लेकिन जो बातें अंदर हो गई वो फिर बाहर आ गईं। सूत्र बताते हैं कि हालांकि बाद में अधिकारी पहुंचे। स्थानीय अधिकारियों ने भी मामले को काफी हद तक संभाला। लेकिन समिति अधिकारियों की नामौजूदगी को गंभीरता से लेकर गई है।

# गाजियाबाद के शालीमार गार्डन गोलीकांड में दो आरोपी गिरफ्तार

## शराब पीने से टोकने पर युवक को मारी थी गोली



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद के शालीमार गार्डन इलाके में युवक को गोली मारने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह घटना 3 जनवरी 2026 को हुई थी, जिसमें दयास चौधरी नामक युवक घायल हो गया था। घायल के पिता शैलेश चौधरी ने इस संबंध में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी।

शैलेश चौधरी ने अपनी शिकायत में बताया था कि उनके बेटे दयास चौधरी की इलाके के कुछ युवकों से कहासुनी हुई थी। आरोप है कि सन्नी सिंह, चन्दू और उनके साथियों ने दयास चौधरी के साथ गाली-गलौच और मारपीट की। इस दौरान उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी गई थी।

विवाद बढ़ने पर आरोपी आमिर ने तमंचे से गोली चला दी, जो दयास चौधरी को लगी। गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसके बाद उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी।

जांच के क्रम में, शालीमार गार्डन थाना पुलिस को 5 जनवरी 2026 को सूचना मिली। इस सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने डीएलएफ इलाके के शौचालय कट के पास से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान सन्नी सिंह और चन्दू के रूप में हुई है, जो दोनों डीएलएफ क्षेत्र के निवासी हैं।

पुलिस पूछताछ में दोनों आरोपियों ने बताया कि वे अपने साथी रिहान, आमिर और आमिर के भाई के साथ एक बिल्डिंग के नीचे बैठकर शराब पी रहे थे। इसी दौरान दयास चौधरी ने उन्हें वहां बैठने से मना किया, जिसके बाद विवाद बढ़ गया और यह हिंसक घटना में बदल गया। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों के खिलाफ इसी मामले में पहले से मुकदमा दर्ज है। उनके अन्य आपराधिक रिकॉर्ड की भी जांच की जा रही है।

# वायु प्रदूषण घटाने की दिशा में बड़ा कदम : फरवरी तक शुरू होंगे गाजियाबाद में ई-व्हीकल चार्जिंग सेंटर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद शहर की बिगड़ती वायु गुणवत्ता को सुधारने और पर्यावरण के अनुकूल परिवहन को बढ़ावा देने के मकसद से गाजियाबाद नगर निगम द्वारा इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जा रहे हैं। नगर निगम की यह महत्वाकांक्षी योजना अब धरातल पर तेजी से उतर रही है और फरवरी माह के अंतिम सप्ताह तक ई-चार्जिंग सेंटर शुरू होने की प्रबल संभावना है।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश पर नगर निगम के प्रकाश विभाग ने पांचों जोनों में इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन लगाने की प्रक्रिया को तेज कर दिया है। योजना के अंतर्गत कुल 20 स्थानों पर चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाने हैं, जिनमें से 13 स्थानों का चयन कर लिया गया है और इन सभी स्थानों पर कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है।



## इन क्षेत्रों में हो रहा है कार्य

**करंट क्राइम :** कविनगर जोन में गोविंदपुरम स्वर्ण जयंतीपुरम रोड, डायमंड रेलवे फ्लाईओवर के नीचे और विवेकानंद नगर रेलवे ओवरब्रिज के नीचे चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जा रहे हैं। सिटी जोन में रेट मंडी नंदग्राम रोड, राजनगर एक्सटेंशन मेन रोड, हिंडन विहार श्मशान पार्किंग (साईं उपवन), पटेल मार्ग जीटी रोड तथा न्यू बस अड्डा के निकट मल्टी लेवल पार्किंग को चुना गया है। विजयनगर जोन में विजयनगर वाले मंदिर के पास, ताज हाईवे पर गिरवर पटवारी भवन के समीप, क्रॉसिंग रिपब्लिक में सैया अस्पताल के पास तथा अकबरपुर बहरामपुर ट्रांसफर स्टेशन के पीछे चार्जिंग स्टेशन लगाए जा रहे हैं। इसके अलावा मोहन नगर जोन के राजेंद्र नगर क्षेत्र में भी चार्जिंग स्टेशन का कार्य प्रगति पर है। मोहन नगर और वसुंधरा जोन में शेष स्थानों के चयन की प्रक्रिया भी शीघ्र पूरी की जा रही है।



## फरवरी के अंत तक जनता को मिलेगी सुविधा

करंट क्राइम : नगर निगम द्वारा सभी निविदा प्रक्रियाएं पूरी करने के बाद सैरिफाई फर्म का चयन किया गया है, जो नगर निगम सीमा में 20 स्थानों पर चार्जिंग स्टेशन स्थापित कर रही है। अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर यादव ने बताया कि फरवरी माह के अंतिम सप्ताह तक ई-व्हीकल चार्जिंग स्टेशन आम जनता के लिए शुरू कर दिए जाएंगे। उपभोक्ता प्रति यूनिट 8.86 रुपये की दर से यूपीआई के माध्यम से भुगतान कर इस सुविधा का उपयोग कर सकेंगे।

## 100 चार्जिंग पॉइंट से मिलेगा लाभ : नगर आयुक्त

करंट क्राइम : नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि वायु गुणवत्ता सुधार के क्रम में गाजियाबाद नगर निगम ई-वाहनों को बढ़ावा दे रहा है। 20 स्थानों पर चार्जिंग स्टेशन स्थापित होने के बाद शहरवासियों को कुल 100 चार्जिंग पॉइंट की सुविधा उपलब्ध होगी। इससे न केवल प्रदूषण में कमी आएगी, बल्कि भविष्य में स्वच्छ और सतत परिवहन व्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। प्रभारी प्रकाश आशु कुमार एवं उनकी टीम द्वारा लगातार निगरानी करते हुए कार्यों को तेजी से पूरा कराया जा रहा है।

**'वायु गुणवत्ता सुधार के क्रम में गाजियाबाद नगर निगम ई-वाहनों को दे रहा है बढ़ावा'**



## वेंडिंग जोन को लेकर पूर्व जीडीए बोर्ड सदस्य हिमांशु मित्तल ने रखी अपनी बात

# कहा, हम वेंडिंग जोन के विरोध में नहीं लेकिन आवासीय क्षेत्र में ना किया जाये स्थापित



**पूर्व पार्षद हिमांशु मित्तल ने कहा कि आवासीय और व्यवसायिक के बीच एक दूरी रखी जानी चाहिए। हमारा विरोध सिर्फ इतना सा है। निगम के अधिकारी पहले इस मुद्दे पर बैठक करें और वेंडिंग जोन के लिए ऐसा उपयुक्त स्थान चिन्हित करें जिससे जनता को परेशानी ना हो।**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम वेंडिंग जोन बना रहा है और वेंडिंग जोन को लेकर जहां पार्षद इसे अच्छा कदम बता रहे हैं और उनका मानना है कि इससे लोगों को रोजगार मिलेगा। दैनिक करंट क्राइम ने पार्षदों की इस राय को लगातार प्रकाशित भी किया है और सभी को अवगत कराया है कि पार्षदों का क्या दृष्टिकोण है। वहीं कविनगर में वेंडिंग जोन को लेकर यहां के पूर्व पार्षद तथा पूर्व जीडीए बोर्ड सदस्य ने एक पत्र लिखा था। उन्होंने अपने पत्र में कविनगर में लगने वाले वेंडिंग जोन को अवैध बताया था। उनका ये मानना है कि इससे लोगों को असुविधा होगी और वो इस वेंडिंग जोन को नगर निगम के नियमों के भी विपरीत बता रहे हैं।

पूर्व पार्षद हिमांशु मित्तल ने वेंडिंग जोन को लेकर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि कविनगर क्षेत्र में वेंडिंग जोन को लेकर हमने विरोध दर्ज कराया है। हिमांशु मित्तल ने कहा कि हम वेंडिंग जोन के खिलाफ नहीं है। हमारा विरोध वेंडिंग जोन को नहीं बल्कि वेंडिंग जोन की नीति को लेकर है। वेंडिंग जोन के क्षेत्र को लेकर है। उनका कहना है कि आवासीय क्षेत्र में पहले से ही काफी दुकाने होती हैं और आवासीय क्षेत्र में वेंडिंग जोन बनाने का कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने कहा कि नगर निगम वेंडिंग जोन बनाये लेकिन आवासीय क्षेत्र से दूरी रखे। पूर्व पार्षद हिमांशु मित्तल ने कहा कि कविनगर में पहले से ही कई दुकाने हैं। उन्होंने कहा कि आवासीय और व्यवसायिक के बीच एक दूरी रखी जानी चाहिए। हमारा विरोध सिर्फ इतना सा है। निगम के अधिकारी पहले इस मुद्दे पर बैठक करें और वेंडिंग जोन के लिए ऐसा उपयुक्त स्थान चिन्हित करें जिससे जनता को परेशानी ना हो।

# पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी से लेकर बलदेवराज शर्मा के शब्दों का क्या है अर्थ

# क्यों बता दिया दोनों ने डीसी गर्ग और अशु वर्मा को सबसे बढ़िया मेयर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शब्दों का एक अर्थ होता है और शब्द अगर मंच से कहे जा रहे हैं तो फिर इनका अलग ही पंच होता है। गाजियाबाद के प्रथम मेयर स्वर्गीय डीसी गर्ग की जयंती पर एक कवि सम्मेलन का आयोजन था और जाहिर सी बात है कि जब सरकार में मंत्री रहे बालेश्वर त्यागी के हाथ में माईक आयेगा तो वो दो शब्द राजनीति पर जरूर कहेंगे।

वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री बलदेवराज शर्मा को बोलने का मौका मिलेगा तो वो निगम के इतिहास को जरूर बतायेंगे। वजह भी है कि ये दोनों भाजपा की राजनीति के पुरोधा कहे जा सकते हैं। एक लंबा युग भाजपा की राजनीति का देखा है। भाजपा के महापुरुषों के साथ काम किया है और सरकारों में रहे हैं। बेबाक वक्ता हैं और बात को बिना लागलपेट के कह देते हैं। ऐसे ही मंच पर बालेश्वर त्यागी को माईक मिला तो उन्होंने पूर्व मेयर स्वर्गीय डीसी गर्ग को याद किया और कहा कि जब हमने राजनीति शुरू की तो भाजपा और जनसंघ में रहे।







उन्होंने कहा कि स्वर्गीय डीसी गर्ग राजनीति में हमारे सीनियर थे और यहां उन्होंने मौजूदा हाउसटैक्स के हालात को लेकर एक बात कही। बालेश्वर त्यागी भाजपा की सामान्य राजनीतिक हस्ती नहीं है। वो उत्तर प्रदेश सरकार में गृह राज्य मंत्री रहे हैं, व्यापार मंत्री रहे हैं और बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री रहे हैं। यहां उन्होंने एक पुराना संस्मरण सुनाया और कहा कि जब डीसी गर्ग मेयर थे तब हाउस टैक्स बढ़ाने का एक शासनादेश आया। तब उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों से कहा कि शासनादेश को एक ओर रखो और 40 पैसे, 60 पैसे और 80 पैसे का स्लैब बताया था। इसमें टीन, पक्का निर्माण और खुले का गणित समझाया था। इसके बाद अफसरों ने उनसे पूछा कि ये कैसे होगा तो उन्होंने कहा था कि आप इस दर से टैक्स लो और ऐसा ही हुआ था। पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने कहा कि ये तब हुआ था जब प्रदेश में हमारी सरकार नहीं थी और उसके बाद भी हमारी पार्टी के मेयर ने जनता को असुविधा नहीं होने दी थी।

उन्होंने हैरानी व्यक्त की कि आज सरकार हमारी है। हर तरीके से व्यवस्था में हमारे लिए अनुकूलता है लेकिन उसके बाद भी कोई सुनने को तैयार नही है। कोई सुनने वाला नहीं है। पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने हाउस टैक्स को लेकर डीसी गर्ग को याद किया और कहा कि अगर वो आज मेयर होते तो हाउस टैक्स नहीं बढ़ता। इसके बाद भाजपा के वरिष्ठ नेता बलदेवराज शर्मा के हाथ में माईक आया। बलदेवराज शर्मा भाजपा की राजनीति के पुरोधा कहे जा सकते हैं। उन्होंने भी स्वर्गीय डीसी गर्ग को याद करते हुए एक उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि मुझसे मेरे पोते ने ये पूछा था कि गाजियाबाद में सबसे अच्छे मेयर कौन रहे हैं। तो यहां पर अति वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री बलदेवराज शर्मा ने कहा कि मैंने अपने पौत्र और निगम पार्षद शिवम को जवाब दिया कि अगर अच्छे की बात कर रहे हो तो मैं क्रम से बता दूं कि सबसे अच्छे मेयर स्वर्गीय दिनेश चंद गर्ग रहे हैं। उन्हें मैं प्रथम स्थान पर रखता हूं और दूसरे स्थान पर पूर्व मेयर अशु वर्मा हैं। अब ये वो शब्द थे जिन्हें नेहरू युवा केन्द्र के मैदान पर सब सुन रहे थे। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने फेयर तरीके से बता दिया कि उनकी दृष्टि से अच्छे मेयर कौन है। सार ये है कि ये दोनों ही चेहरे भाजपा की राजनीति के वरिष्ठ चेहरे हैं।

सरकार के चेहरे हैं और अगर इनकी राय में फेयर वाले सीन में अशु वर्मा हैं तो निश्चित रूप से अशु वर्मा के लिए इससे बड़ा अवार्ड नहीं हो सकता। पद पर नहीं है लेकिन उनका कार्यकाल भाजपा के पुरोधाओं को याद है और वो मंच से अपने शब्दों से इससे बड़ा सम्मान क्या दे सकते हैं।

# टूर से लौटने के बाद पार्षदों ने फिर बुला ली अपनी अलग से गोपनीय मीटिंग

## उनका कहना कि बोर्ड बैठक के नाम पर अब हम नहीं चलने देंगे चीटिंग

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पार्षद एकजुटता का नारा निगम में गूंज रहा है। सिद्ध बली के चरणों में पार्षदों ने माथा टेका और उन्होंने ताड़केश्वर मंदिर में पूजा की। बड़ी बात ये कि गाजियाबाद के पार्षद जब कोटद्वार पहुंचे तो वहां के मेयर ने गाजियाबाद के पार्षदों की पूरी केयर की। पूरा सम्मान किया और वहां के विधायक ने पूजा अर्चना कराई। कोटद्वार के मेयर के व्यवहार से गाजियाबाद के पार्षद गदगद हैं, अभिभूत हैं। टूर से लौटने के बाद पार्षदों ने एक बार फिर एकता का नारा बुलंद किया और अब पार्षद बोर्ड बैठक की तैयारियों में जुट गये हैं। सूत्र बताते हैं कि पार्षदों ने एक गोपनीय बैठक कर ली। बैठक में कुछ ऑनलाईन तो कुछ ऑफलाईन आ गये।

बताया जाता है कि पार्षदों ने अब बोर्ड बैठक में हो रही लेट लतीफी पर मोर्चा खोलने का मन बना लिया है। पार्षद इस बात को लेकर नाराज हैं कि जब बोर्ड बैठक को लेकर सीधे सीधे नियम है तो फिर बोर्ड बैठक क्यों और किसके इशारे पर लेट हो रही है। बताया जाता है कि पार्षद जल्द ही बोर्ड बैठक को लेकर मोर्चा खोलेंगे और एक नई बैठक इसी हफ्ते हो सकती है। इस बैठक में ये ऐलान हुआ कि हर दो हफ्तें निगम की बोर्ड बैठक होनी चाहिए। जब बात दो महीने की है तो फिर जून के बाद से आज तक बोर्ड बैठक क्यों नहीं हुई है। सूत्र बताते हैं कि पार्षद एक साथ बैठकर रणनीति बनाने वाले हैं। पार्षद वेलफेयर एसोसिएशन भी यहां आगे आयेगी। पार्षदों का ये मानना है कि निगम की




बोर्ड बैठक एक ऐसा प्लेटफार्म होता है जब पूरे शहर के पार्षद एक साथ मिलते हैं। यहां जब प्रस्तावों पर चर्चा होती है और पार्षदों के हाथ में माईक आता है तो हर वार्ड का पार्षद ये जान जाता है कि किस वार्ड में क्या समस्या चल रही है।

पार्षदों के किन कामों को लेकर अधिकारियों का रवैया कैसा चल रहा है। अब पार्षद बैठक कर रहे हैं और वो चाहते हैं कि हर दो महीने में बोर्ड की बैठक हो। वो आगामी बोर्ड बैठक को लेकर दबाव बनाने वाले हैं। पार्षदों में इस बात को लेकर रोष है कि आखिर निगम की बोर्ड बैठक क्यों नहीं हो रही है। एक लॉबी इसी बात को लेकर एक्टिव हो गई है और ये भी संभावित है कि इस बार की बोर्ड बैठक में पार्षद पूरी तरह से एकजुटता का नारा देते हुए कई मुद्दों को लेकर मोर्चा खोलेंगे।



## संपादकीय

# वार्ता छोड़ हमला क्यों

वेनेजुएला ने तो पिछले सप्ताह अमेरिका के साथ समझौते पर बातचीत के लिए हामी भी भर दी थी। फिर क्या वजह रही कि अमेरिका ने वार्ता के बजाय हमले को चुना, इस कार्रवाई पर सवाल उठना स्वाभाविक है।

अमेरिका और वेनेजुएला के बीच पिछले कुछ समय से बने तनाव का नतीजा अब भयावह रूप में सामने आ रहा है। वेनेजुएला की राजधानी काराकस शुक्रवार देर रात अमेरिका के हवाई हमलों से दहल उठी। इस अभियान के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को हिरासत में लेकर देश से बाहर भेज दिया गया है। इस हमले की वजह मादक पदार्थों की तस्करी बताई जा रही है।

अमेरिका का आरोप है कि वेनेजुएला नशीले पदार्थों से जुड़े आतंकवाद को सीमा पार बढ़ावा दे रहा है। मगर सवाल है कि क्या कोई शक्तिशाली देश इस तरह की समस्या से निपटने के लिए किसी छोटे और कमजोर राष्ट्र पर हमला कर सकता है? वह भी अमेरिका जैसा देश, जहां के राष्ट्रपति दुनिया के विभिन्न देशों के बीच युद्ध रुकवाने का दावा करते नहीं थकते हैं और खुद को शांति के नोबेल पुरस्कार का दावेदार घोषित कर चुके हों! ऐसे में अमेरिका की इस कार्रवाई को दोहरा मानदंड नहीं, तो और क्या कहा जाएगा। दरअसल, अमेरिका का दावा है कि वेनेजुएला को कई बार चेतावनी दी गई, लेकिन उसका कोई असर नहीं हुआ। यहां इस बात पर गौर करना भी जरूरी है कि अमेरिका ने वर्षों पहले इराक पर यह आरोप लगाकर हमला किया था कि वहां रासायनिक हथियारों का जखीरा मौजूद है। मगर इसका कोई स्टीक प्रमाण आज तक सामने नहीं आया है। जहां तक वेनेजुएला से अमेरिका में नशीले पदार्थों की तस्करी की बात है, तो इस मसले को द्विपक्षीय बातचीत या फिर अंतरराष्ट्रीय अदालत के जरिए सुलझाया जा सकता है। वेनेजुएला ने तो पिछले सप्ताह अमेरिका के साथ समझौते पर बातचीत के लिए हामी भी भर दी थी। फिर क्या वजह रही कि अमेरिका ने वार्ता के बजाय हमले को चुना, इस कार्रवाई पर सवाल उठना स्वाभाविक है। कुछ लोग अमेरिका के इस हमले को वेनेजुएला में सत्ता परिवर्तन के इरादे से जोड़कर भी देख रहे हैं। राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने भी पिछले दिनों एक साक्षात्कार में इस ओर इशारा किया था कि अमेरिका उनके देश में तख्ता पलट कर वहां के विशाल तेल भंडार तक अपनी पहुंच आसान बनाना चाहता है।

# टैक्स और लिक्विडिटी पर बढ़ता दबाव भारत की अर्थव्यवस्था नई चुनौती में



**नई दिल्ली।** सिस्टमैटिक रिसर्च की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत की जिस गोल्डीलॉक्स अर्थव्यवस्था को संतुलित और मजबूत माना जा रहा था, उसमें अब दबाव के संकेत दिखने लगे हैं। कमजोर कर संग्रह और सिमटते राजकोषीय दायरे के चलते सरकार नीतिगत जटिलता (पॉलिसी ग्रिडलॉक) की स्थिति में फंसती दिख रही है। ऊपरी तौर पर मजबूत विकास दर अर्थव्यवस्था की अंदरूनी कमजोरी को छिपा रही है।

भारत की बहुचर्चित 'गोल्डीलॉक्स' अर्थव्यवस्था की कहानी में अब दबाव के संकेत दिखने लगे हैं। सिस्टमैटिक रिसर्च की एक रिपोर्ट के मुताबिक, कमजोर कर प्रवाह और सिकुड़ते राजकोषीय दायरे सरकार को नीतिगत जटिलता (पॉलिसी ग्रिडलॉक) की स्थिति में धकेल रहा है।

गोल्डीलॉक्स उस स्थिति को कहते हैं जब अर्थव्यवस्था न ज्यादा गर्म होती है और न ज्यादा ठंडी यानी सब कुछ 'ठीक-ठाक' संतुलन में होता है। वहीं ग्रिडलॉक का मतलब है जाम, जहां सिस्टम फंसा हुआ हो। ग्रिडलॉक अर्थव्यवस्था में दिखावटी तौर पर सब ठीक लगता है, लेकिन अंदरूनी स्तर पर फैसले अटक जाते हैं और नीतियां प्रभावी ढंग से काम नहीं कर पातीं।

### जीएसटी कटौती के जरिए राजकोषीय प्रोत्साहन

हालांकि, बाजार संकेत देते हैं कि इन उपायों से वित्तीय हालात सहज नहीं हुए। 10 साल की सरकारी बॉन्ड यील्ड बढ़कर 6.6-6.65% के दायरे में पहुंच गई है। वहीं, रुपया डॉलर के मुकाबले 90 के पार कमजोर हुआ है और प्रणाली की तरलता फिर से घाटे में चली गई है।

### आर्थिक आंकड़े अर्थव्यवस्था की असर कमजोरी को छिपा रहे

रिपोर्ट में कहा गया है कि ऊपरी तौर पर मजबूत दिख रहे विकास आंकड़े अर्थव्यवस्था की असल कमजोरी को छिपा रहे हैं। इसमें कहा गया कि हेडलाइन ग्रोथ आंकड़े नाजुक आंतरिक गति को ढक देते हैं, जिससे सरकार एक मुश्किल नीतिगत दुविधा में फंस गई है।

### टैक्स बढ़ोतरी ने खड़े किए सवाल

रिपोर्ट के अनुसार, इस दबाव का एक संकेत सिगरेट पर बेसिक एक्साइज ड्यूटी में हालिया बढ़ोतरी है, जिसे जीएसटी सुधारों के कुछ ही महीनों बाद लागू किया गया। इससे सालाना करीब 400 अरब रुपये अतिरिक्त राजस्व मिलने का अनुमान है। विश्लेषकों का मानना है कि यह कदम बताता है कि सरकार के पास नए राजस्व स्रोत सीमित होते जा रहे हैं।

### गोल्डीलॉक्स दौर में असामान्य मौद्रिक कदम

मौद्रिक मोर्चे पर भी स्थिति सामान्य नहीं दिखती। भारतीय रिजर्व बैंक ने बाजार को चौंकाते हुए 2 ट्रिलियन रुपये के सरकारी बॉन्ड की अतिरिक्त ओपन मार्केट ऑपरेशंस (डटड) और 10 अरब डॉलर के वरऊ/क्वफखरीद-बिक्री ऑपरेशन की घोषणा की। यह कदम उस समय उठाया गया, जब कुछ हफ्ते पहले ही बड़ी डटड और स्वैप खरीद के संकेत दिए जा चुके थे।

### निजी निवेश पर दबाव का खतरा

रिपोर्ट चेतावनी देती है कि आक्रामक फिस्कल विस्तार और भारी लिक्विडिटी सपोर्ट से निजी क्षेत्र के पूंजीगत निवेश (कैपेक्स) पर दबाव पड़ सकता है। सिमटते वित्तीय स्पेस और बढ़ते उधारी दबाव के बीच सरकार और केंद्रीय बैंक के हालिया कदम आने वाले समय में नीतिगत लचीलापन और सीमित कर सकते हैं। कुल मिलाकर, रिपोर्ट का निष्कर्ष है कि मजबूत दिखती अर्थव्यवस्था के पीछे बढ़ती नीतिगत जटिलता भारत के लिए एक नई चुनौती बनती जा रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, ये कदम इसलिए असामान्य हैं क्योंकि इन्हें ऐसे दौर में लागू किया जा रहा है, जिसे आधिकारिक रूप से 8% वास्तविक जीडीपी ग्रोथ और लगभग शून्य महंगाई वाला 'गोल्डीलॉक्स फेज' बताया जा रहा है।

# कोल इंडिया की सहायक बीसीसीएल का आईपीओ 9 जनवरी से, प्राइस बैंड 21-23 तय



**नई दिल्ली।** कोल इंडिया की सहायक कंपनी बीसीसीएल ने 21-23 का प्राइस बैंड तय किया है। 1,071 करोड़ रुपये का यह आईपीओ 9 जनवरी 2026 को खुलेगा। जानें इश्यू की समयसीमा, वैल्यूएशन और अन्य महत्वपूर्ण जानकारी।

साल 2026 के पहले सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के साथ दलाल स्ट्रीट पर हलचल शुरू होने वाली है। सार्वजनिक क्षेत्र की दिग्गज कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड की सहायक इकाई, भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) ने अपने आगामी आईपीओ के लिए 21 से 23 प्रति शेयर का प्राइस बैंड निर्धारित किया है। 1,071.11 करोड़ का यह इश्यू पूरी तरह से कोल इंडिया की ओर से 'ऑफर फॉर सेल' (ओएफएस) पर आधारित है।

प्राइस बैंड के ऊपरी स्तर पर कंपनी का कुल मूल्यांकन 10,700 करोड़ से अधिक आंका गया है। यह आईपीओ न केवल 2026 का पहला सार्वजनिक निर्गम होगा, बल्कि इसे सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) के प्रति निवेशकों के रुझान को मापने के एक महत्वपूर्ण पैमाने के रूप में भी देखा जा रहा है।

इस निर्गम के तहत 46.57 करोड़ इक्विटी शेयरों की बिक्री की जाएगी। आवंटन की बात करें तो, इश्यू का 50% हिस्सा पात्र संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी) के लिए आरक्षित है, जबकि 35% गैर-संस्थागत निवेशकों (एनआईआई) और शेष 15% रिटेल निवेशकों के लिए सुरक्षित रखा गया है।

### क्या है बीसीसीएल की रणनीति?

बीसीसीएल की लिस्टिंग कोयला क्षेत्र में सरकार की व्यापक विनिवेश रणनीति का हिस्सा है। इसका मकसद कोल इंडिया की सहायक कंपनियों के मूल्य को अनलॉक करना और परिचालन में पारदर्शिता को बढ़ावा देना है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- अल्बर्ट आइंस्टीन ने खुद को एक नास्तिक मान लिया था।
- आइंस्टीन की महान सफलता प्रयोगशाला के बजाय अपने सिर में किए गए दृश्य प्रयोगों से आई थी।
- आइंस्टीन एक बच्चे के रूप में एक धीमी शिक्षार्थी थे और बहुत धीरे से बात करते थे।
- रोगविज्ञानी ने आइंस्टीन के मृत शव का निरिक्षण किया था उसने उनका मस्तिष्क चुरा लिया और उसे 20 साल तक जार में रखा।
- आइंस्टीन के नोबेल पुरस्कार पैसे तलाक के निपटारे के रूप में उनकी पूर्व पत्नी के पास गए थे।
- आइंस्टीन को इजराइल के राष्ट्रपति पद की पेशकश की गई जिसे उन्होंने विनम्रता से अस्वीकार कर दिया।
- आइंस्टीन अपने विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा में असफल हो गये थे और उन्हें एक साल बाद फिर से आवेदन करना पड़ा।
- आइंस्टीन को सापेक्षता के लिए नोबेल पुरस्कार कभी नहीं मिला, बल्कि यह वास्तव में फोटोइलेक्ट्रिक प्रभाव के लिए मिला था।
- आइंस्टीन एक कम याद रखने के लिए प्रसिद्ध थे। वह नाम, तिथियां और फोन नंबर याद नहीं रख सकते थे।

# अमेरिकी टैरिफ चेतावनी से बाजार दबाव में सेंसेक्स-निफ्टी लाल निशान पर बंद



**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार सोमवार को लाल निशान पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 322.39 अंक गिरकर 85,439.62 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 84.50 अंक गिरकर 26,250.30 अंक पर आ गया। हफ्ते के पहले कारोबारी दिन यानी सोमवार को शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ। भारत के खिलाफ टैरिफ में और वृद्धि करने की अमेरिकी चेतावनी के बीच, ब्लू-चिप एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और आईटी शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 322.39 अंक या 0.38 प्रतिशत गिरकर 85,439.62 अंक पर बंद हुआ। दिन के दौरान इसमें 446.68 अंक या 0.52 प्रतिशत की गिरावट आई और यह 85,315.33 पर पहुंच गया। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 26,373.20 के रिकॉर्ड इंट्रा-डे उच्च स्तर को छूने के बाद, उस गति को बरकरार रखने में विफल रहा और 78.25 अंक या 0.30 प्रतिशत गिरकर 26,250.30 पर बंद हुआ। भारतीय डॉलर लगातार चौथे सत्र में कमजोर रहा और सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 8 पैसे गिरकर 90.28 (अस्थायी) पर बंद हुआ।

### सेंसेक्स की कंपनियों का हाल

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से एचडीएफसी बैंक, इंफोसिस, एचसीएल टेक, बजाज फाइनेंस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे पिछड़ने वाली कंपनियों में शामिल थीं। इसके विपरीत, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर, टाटा स्टील और अल्ट्राटेक सीमेंट लाभ कमाने वाली कंपनियों में शामिल थीं।

# क्रिप्टो एक्सचेंजों पर शिकंजा, मनी लॉन्ड्रिंग और अपराधों के संकेत उजागर



**नई दिल्ली।** भारत में स्थित अधिकांश क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंजों को वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान वित्तीय खुफिया इकाई (एफआईयू) के साथ पंजीकृत किया गया। एफआईयू की रिपोर्ट के अनुसार, यह पंजीकरण देश की उस कानूनी व्यवस्था का हिस्सा है जिसका मकसद इस क्षेत्र से उत्पन्न होने वाले मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवादी वित्तपोषण के जोखिमों को घटाना है।

इसके अलावा, इन एक्सचेंजों की ओर से संघीय एजेंसी को दी गई संदिग्ध लेनदेन रिपोर्टों (एसटीआर) के विश्लेषण से पता चला कि हवाला लेनदेन, जुआ, घोटाला, धोखाधड़ी और एक अवैध वयस्क सामग्री वेबसाइट चलाने जैसे गंभीर आपराधिक गतिविधियों के लिए क्रिप्टो फंड का इस्तेमाल किया गया था।

**वीडीए सर्विस प्रोवाइडर :** कानूनी भाषा में, क्रिप्टोकरेंसी को वर्चुअल डिजिटल एसेट कहा जाता है और इनका व्यापार करने वाले एक्सचेंजों को वीडीए सेवा प्रदाता कहा जाता है। इन एक्सचेंजों को 2023 में भारत के मनी लॉन्ड्रिंग विरोधी तंत्र (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट पीएमएलए) से जुड़ी रिपोर्टिंग प्रणाली के तहत लाया गया था। पीएमएलए के तहत रिपोर्टिंग संस्थाओं के रूप में, इन एक्सचेंजों को एफआईयू को एसटीआर (रळफ) उपलब्ध कराना होता है। एफआईयू एक संघीय एजेंसी है जो भारतीय वित्तीय प्रणाली के किसी भी दुरुपयोग या दुर्व्यवहार को रोकने, हतोत्साहित करने और पता लगाने के लिए काम करती है।

**क्रिप्टोकरेंसी के बारे में रिपोर्ट :** वीडीए एसपी को वॉलेट के लाभकारी स्वामित्व के बारे में एफआईयू को रिपोर्ट करना होता है। 2024-25 वित्तीय वर्ष की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में क्रिप्टोकरेंसी का परिदृश्य हाल के वर्षों में तेजी से बदल रहा है और वित्तीय क्षेत्र पर असर डालने की अपनी क्षमता के कारण यह क्षेत्र लोगों का ध्यान खींच रहा है। लेनदेन प्रवाह व स्टेकहोल्डर्स की गुमनामी और अस्पष्टता बढ़ने की आशंका के कारण, वीडीए और वीडीए एसपी में मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवाद वित्तपोषण के कुछ संभावित जोखिम हैं। दुनिया के कई देशों के विपरीत जहां एक से अधिक सरकारी एजेंसियां क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंजों को संभालती और उनकी निगरानी करती हैं। भारत ने अपने एफआईयू (केंद्रीय वित्त मंत्रालय के अधीन) को मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवादी वित्तपोषण के जोखिमों के खिलाफ वीडीए एसपी को पंजीकृत करने और उनकी निगरानी करने के लिए एकल प्राधिकरण के रूप में नामित किया है।

# रूसी तेल पर भारत दुविधा में, अमेरिकी टैरिफ का खतरा बढ़ाः जीटीआरआई रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** अमेरिका के दबाव के बीच रूस से कच्चे तेल की खरीद को लेकर भारत असमंजस में है। जीटीआरआई के मुताबिक, नीति में स्पष्टता न होने से भारत पर टैरिफ और व्यापारिक लागत का खतरा बढ़ रहा है। रिपोर्ट कहती है कि भारत को या तो रूसी तेल आयात पूरी तरह रोकना चाहिए या गैर-प्रतिबंधित स्रोतों से खरीद का फैसला खुलकर स्पष्ट करना चाहिए, क्योंकि अनिर्णय अब महंगा साबित हो सकता है।



रूस से कच्चे तेल की खरीद को लेकर अमेरिका के दबाव के बीच भारत एक अहम नीतिगत मोड़ पर खड़ा है। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, अगर भारत ने अपने रुख में स्पष्टता नहीं लाई तो उसे अधिक व्यापारिक लागत और कड़े टैरिफ का सामना करना पड़ सकता है।

रिपोर्ट के अनुसार, 4 जनवरी को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी कि अगर नई दिल्ली रूसी कच्चे तेल की खरीद नहीं रोकती है तो वॉशिंगटन भारतीय आयात पर टैरिफ बढ़ा सकता है। पहले से ही अमेरिका में भारतीय निर्यात पर 50% आयात शुल्क लागू है, जिसमें से आधा सीधे तौर पर भारत की रूसी तेल खरीद से जुड़ा बताया गया है। युद्धविराम न होने पर सेकेंडरी टैरिफ लगाने की संभावना अमेरिकी कांग्रेस में भी दबाव तेज हो रहा है। सीनेटर लिंडसे ग्राहम ऐसे कानून को आगे बढ़ा रहे हैं, जिसके तहत यूक्रेन में 50 दिनों के भीतर युद्धविराम न होने पर रूस से तेल-गैस खरीदने वाले देशों पर सेकेंडरी टैरिफ लगाए जा सकते हैं।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

परीक्षा में सवाल आया था, चैलेंज किसे कहते हैं?
लल्लू ने पूरा पेपर खाली छोड़ दिया और आखिरी पेज पर लिखा-
अगर हिम्मत है तो पास करके दिखाओ।

---

गप्पू का पांव केले के छिलके पर पड़ा और वो फिसल कर गिर गया।
गप्पू उठा और फिर आगे चला, तो दूसरे छिलके में पांव पड़ा और फिर फिसल कर गिर गया।
गप्पू फिर उठा और थोड़ा आगे और चला, तो उसे तीसरा छिलका दिख गया।
गप्पू रोते- रोते बोला - धत तेरे की, अब फिर से फिसलना पड़ेगा।

---

डॉक्टर- शराब का नशा आहिस्ता-आहिस्ता इंसान को मार देता है...
नशेड़ी ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया- तो डॉक्टर साहब मुझे कौन सा मरने की जल्दी है।

## 06 01 2026 करंट क्राइम
## जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं — आज के जन्मदिन




सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# बांग्लादेश ने देश में आईपीएल प्रसारण पर लगाया प्रतिबंध

**ढाका।** बांग्लादेश सरकार ने मुस्तफि जुर रहमान को टूनामेंट से हटाने के फैसले के जवाब में अपने देश में क्ढछ के प्रसारण पर रोक लगा दी है।



बांग्लादेश के सूचना और प्रसारण मंत्रालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, हमने देखा कि मुस्तफि जुर रहमान को क्ढछ से बाहर करने के पीछे कोई वजह नहीं बताई गई, जिससे बांग्लादेश के लोगों में काफी असंतोष पैदा हुआ है। इस संदर्भ में ही क्ढछ मैचों के प्रसारण को लेकर यह फैसला लिया गया है।

यह बयान मंत्रालय के सहायक सचिव फि रोज खान के दस्तखत से जारी किया गया।

2008 से ही बांग्लादेश में टीवी चैनलों और स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म्स पर क्ढछ का नियमित प्रसारण होता रहा है। यह पहली बार है जब सरकार ने किसी दूसरे देश के क्रिकेट टूनामेंट के प्रसारण पर रोक लगाई है।

शनिवार को कोलकाता नाइट राइडर्स ने बीसीसीआई के निर्देश पर मुस्तफि जुर को रिलीज कर दिया था। भारतीय बोर्ड ने इसकी कोई ठोस वजह नहीं बताई थी। बोर्ड के सचिव देवजीत सैकिया ने सिर्फ. ₹हालिया घटनाक्रम₹ का ज़िक्र किया और आगे कोई विवरण नहीं दिया था।




पिछले कुछ दिनों में भारतीय आध्यात्मिक और राजनीतिक नेताओं ने ङकफऔर उसके मालिक शाहरुख खान की आलोचना की थी कि उन्होंने ऐसे समय में मुस्तफि जुर को टीम में शामिल किया, जब रिपोर्ट्स के मुताबिक बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हमले हो रहे हैं। इसके बाद से दोनों देशों के रिश्तों में और कड़वाहट आई है।

बांग्लादेश पहले ही आईसीसी से अपने टी20 विश्व कप मैचों को भारत से बाहर कराने की अपील कर चुका है। इस मसले पर अभी कोई फैसला नहीं हुआ है। मूल शेड्यूल के मुताबिक बांग्लादेश को 7 फरवरी को ईडन गार्डन्स में वेस्टइंडीज के खिलाफ अपना अभियान शुरू करना था।

बांग्लादेश सरकार के खेल सलाहकार डॉ. आसिफ नजरुल ने शनिवार शाम को कहा था कि क्ढछ को बांग्लादेश में नहीं दिखाया जाना चाहिए।

सोशल मीडिया पर उस पोस्ट के बाद देश की सूचना सलाहकार सैयदा रिजवाना हसन ने कहा था कि बांग्लादेश में आईपीएल के प्रसारण को रोकने से जुड़ा कोई भी फैसला कानूनी आधार की समीक्षा और संबंधित प्रक्रियाओं की पूरी जांच के बाद ही लिया जाएगा।

रविवार देर शाम, इउइ ने पुष्टि की कि उन्होंने भारत से बांग्लादेश के टी20 विश्व कप मैचों के स्थानांतरण की मांग करते हुए आईसीसी को पत्र लिखा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्होंने मुस्तफि जुर के मामले में स्पष्टीकरण मांगते हुए बीसीसीआई को भी एक पत्र भेजा है।

# नए सत्र की मजबूत शुरूआत करने पर होगी भारतीय खिलाड़ियों की नजरें, मलयेशिया ओपन में लेंगे हिस्सा

**नई दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी मंगलवार से शुरू हो रहे मलयेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूनामेंट से नए सत्र की शुरूआत करने उतरेंगे। लक्ष्य सेन और पीवी सिंधू जैसे स्टार खिलाड़ियों की नजरें इस दौरान मजबूत शुरूआत करने पर टिकी होंगी। भारतीय खिलाड़ियों के लिए 2025 अच्छा नहीं रहा जिसमें शीर्ष खिलाड़ी चोटों और खराब फॉर्म से जूझते रहे।



## सिंधू के लिए निराशाजनक रहा था पिछला साल

यूएस ओपन सुपर 300 खिताब जीतने वाले युवा आयुष शेट्टी का सामना पहले दौर में पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता मलयेशिया के ली जी जिया से होगा। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू के लिए पिछला साल निराशाजनक रहा। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू पैर की चोट के कारण अक्तूबर के बाद से खेल नहीं सकी हैं। वह पहले दौर में चीनी ताइपे की सुंग शुओ युन से खेलेंगी।

सात्विक-चिराग भी लेंगे हिस्सा

दूसरी बार ओडिशा ओपन खिताब जीतने वाली उन्नति हुड्डा का सामना टोक्यो ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता और चौथी वरीयता प्राप्त चीन की चेन यू फेइ से होगा। घुटने की चोट के कारण छह महीने बाद लौट रहीं मालविका बंसोड की टक्कर पूर्व विश्व चैंपियन थाईलैंड की रेचानोक इंतानोन से होगी। तीसरी वरीयता प्राप्त सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी पिछले साल हांगकांग ओपन और चाइना मास्टर्स के फाइनल में पहुंची और विश्व चैंपियनशिप में दूसरी बार कांस्य जीता। इस भारतीय जोड़ी का सामना पहले दौर में चीनी ताइपै के ली झे हुइ और यांग पो सुआन से होगा।

## जेसन तेह के खिलाफ लक्ष्य करेंगे शुरूआत

अब ध्यान शुरू ही से अच्छा प्रदर्शन करके अगले सप्ताह दिल्ली में होने वाले इंडिया ओपन सुपर 750 टूनार्मेंट की तैयारी पुख्ता करने पर होगा। पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने के बाद लगातार खराब फॉर्म से जूझ रहे विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500 जीतकर लय हासिल की। लक्ष्य हांगकांग ओपन के फाइनल में भी पहुंचे थे। वह सिंगापुर के जिया हेंग जेसन तेह के खिलाफ पहले मैच में उसी लय को कायम रखना चाहेंगे।

# क्रिकेट के बाद अब गोल्फ में भी बांग्लादेशी खिलाड़ियों पर लगेगी रोक?

**नई दिल्ली।** महान क्रिकेटर और पीजीटीआई के अध्यक्ष कपिल देव ने सोमवार को कहा कि भारत के पेशेवर गोल्फ टूर (पीजीटीआई) में बांग्लादेशी खिलाड़ियों की भागीदारी को लेकर अभी कोई फैसला नहीं लिया गया है।

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने सुरक्षा कारणों से और अपनी सरकार की सलाह के बाद भारत में अगले महीने टी20 विश्व कप के लिए टीम नहीं भेजने का फैसला लिया। इससे पहले आईपीएल टीम केकेआर ने बीसीसीआई के निर्देश पर बांग्लादेशी तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को टीम से अलग करने का फैसला किया था।

पीजीटीआई टूर से बांग्लादेशी खिलाड़ियों को बाहर करने की संभावना के बारे में पूछने पर कपिल ने कहा, 'हम इस पर बात करेंगे। अभी कोई फैसला नहीं लिया गया है।' बांग्लादेश के जमाल हुसैन, मोहम्मद सिद्दीकुर रहमान और मोहम्मद अकबर हुसैन समेत कई प्रमुख गोल्फर पीजीटीआई टूर पर खेलते हैं।

कपिल ने आईसीसी को पत्र लिखने वाले बीसीबी के ताजा फैसले पर टिप्पणी से इनकार कर दिया। विश्व कप 1983 विजेता कप्तान पीजीटीआई की फ्रेंचाइजी आधारित गोल्फ लीग '72 द लीग' के उद्घाटन से इतर मीडिया से मुखातिब थे। कपिल ने कहा कि भारत को गोल्फ के विकास के लिए टीम आधारित ढांचे की जरूरत है। उन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग के बाद भारतीय क्रिकेट में आए बदलाव का भी उदाहरण दिया।

उन्होंने कहा, 'मैं क्रिकेट खेलता था जो टीम का खेल है जबकि गोल्फ व्यक्तिगत खेल है लेकिन भारत को गोल्फ में भी टीम प्रारूप की जरूरत है।' उन्होंने कहा, 'इंडियन प्रीमियर लीग आने के बाद क्रिकेट में जो बदलाव आया, हम इस लीग के जरिए गोल्फ में भी वही करना चाहते हैं।'

# 8 छक्के लगाकर वैभव सूर्यवंशी ने जड़ा अर्धशतक

## वनडे में टी20 जैसी बैटिंग; दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों को धोया



**मुंबई।** भारत अंडर-19 बनाम दक्षिण अफ्रीका अंडर-19 दूसरे यूथ वनडे मैच में वैभव सूर्यवंशी ने ताबड़तोड़ अर्धशतक जड़ा। उन्होंने 8वें ओवर की पहली गेंद पर छक्का लगाकर 19 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। अर्धशतक लगाने तक वह कुल 8 छक्के लगा चुके थे, यानी 48 रन तो उन्होंने सिर्फ सिक्सर्स से ही बना दिए थे।

वैभव सूर्यवंशी ने पहले ओवर की दूसरी ही गेंद पर छक्का लगाकर इसकी शुरूआत की थी। इसी ओवर की पांचवीं गेंद पर उन्होंने दूसरा सिक्स जड़ा। फिर दूसरे और तीसरे ओवर में भी उन्होंने 1-1 छक्का लगाया। पांचवें ओवर में वैभव ने दो और छठे ओवर में 1 छक्का लगाया। 6 ओवेरोंके बाद वह 18 गेंदों में 45 रन पर खेल रहे थे, अगले ओवर में भारत का पहला विकेट गिरा। आरोन जॉर्ज 20 रन बनाकर आउट हुए। ये ओवर दक्षिण अफ्रीका अंडर-19 टीम के लिहाज से अच्छा गया, इसमें सिर्फ 5 रन ही आए।

वैभव को आठवें ओवर में स्ट्राइक मिली, पहली ही गेंद पर छक्का लगाकर उन्होंने अपना अर्धशतक पूरा किया। 19 गेंदों में 51 रन बनाने वाले वैभव ने 48 रन तो सिर्फ छक्कों से ही बना दिए थे। अर्धशतक पूरा करके अगली 2 गेंदों पर उन्होंने लगातार 2 छक्के और लगाए। इस ओवर की चौथी गेंद पर उन्होंने इस पारी में अपना पहला चौका लगाया।

वैभव सूर्यवंशी 9वें ओवर की पहली गेंद पर आउट हो गए। उन्होंने 24 गेंदों में ताबड़तोड़ 68 रनों की पारी खेली, जिसमें 10 छक्के और 1 चौका लगाया।

### भारत को जीत के लिए मिला 246 का लक्ष्य

पहले बल्लेबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका अंडर-19 टीम 49.3 ओवरों में 245 रनों पर ऑलआउट हो गई थी। भारतीय गेंदबाज दीपेश डेवेन्द्रन ने 5 विकेट चटकाए। किशन कुमार सिंह ने 4 विकेट लिए। वैभव सूर्यवंशी की तेज तर्रार पारी से भारत को अच्छी शुरूआत मिली। बारिश के कारण जब मैच रुका तब भारत ने 11 ओवरों में 2 विकेट खोकर 103 रन बना लिए हैं। जीत के लिए 143 रन और बनाने हैं।

# अचानक बदला कप्तान, श्रेयस अय्यर को मिली टीम की कमान



**मुंबई।** बीसीसीआई ने हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ ओडीआई सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान किया। 3 मैचों की सीरीज में शुभमन गिल टीम की कप्तानी करते नजर आएंगे। वहीं, श्रेयस अय्यर को इस सीरीज के लिए टीम का उपकप्तान नियुक्त किया गया। इस बीच अय्यर को लेकर बड़ी खबर सामने आई है।

दरअसल, न्यूजीलैंड के खिलाफ ओडीआई सीरीज से पहले श्रेयस अय्यर को बड़ी जिम्मेदारी मिली है। अय्यर को अचानक से टीम का कप्तान बना दिया गया है। अय्यर को विजय हजारे ट्रॉफी में मुंबई की कप्तानी सौंपी गई है। इससे पहले विजय हजारे ट्रॉफी में मुंबई की कप्तानी शार्दुल ठाकुर संभाल रहे थे। अब उनकी जगह अय्यर टीम की कमान संभालेंगे। शार्दुल ठाकुर चोट के चलते घरेलू 50 ओवर के इस प्रतिष्ठित टूनार्मेंट से बाहर हो गए हैं। ऐसे में अय्यर को यह बड़ी जिम्मेदारी दी गई है।

## अय्यर की कप्तानी में मुंबई खेलेगी शेष लीग स्टेज मैच?

मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन ने 5 जनवरी को बयान जारी कर यह जानकारी दी। एमसीए ने आधिकारिक बयान में कहा कि एमसीए को यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि विजय हजारे ट्रॉफी के शेष लीग मैचों के लिए श्रेयस अय्यर को मुंबई की टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। शार्दुल ठाकुर के बाहर होने के बाद टीम मैनेजमेंट ने अनुभवी मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज श्रेयस अय्यर पर भरोसा जताया है। अय्यर के पास घरेलू क्रिकेट और इंटरनेशनल लेवल पर कप्तानी का अच्छा अनुभव है, जिससे मुंबई को टूनार्मेंट के अहम मुकाबलों में मजबूती मिलने की उम्मीद है।

## बीसीसआई से हरी झंड़ी मिलने का इंतजार

वीटीएच लीग स्टेज के बाद कप्तान के तौर पर अय्यर का बने रहना इस बात पर निर्भर करेगा कि बीसीसीआई उन्हें इंटरनेशनल ड्यूटी के लिए फिट घोषित करता है या नहीं। अय्यर को 11 जनवरी से बड़ौदा में शुरू होने वाली न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की ओडीआई सीरीज के लिए टीम में शामिल किया गया है।

हाल ही में ओडीआई टीम की घोषणा करते हुए बीसीसीआई ने कहा था कि अय्यर की फिटनेस का आकलन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में किया जाएगा और अगर उन्हें फिट घोषित किया जाता है तो वह ओडीआई टीम में शामिल होंगे। अगर अय्यर को इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी के लिए हरी झंडी मिल जाती है, तो क्रिकेट एसोसिएशन को वीटीएच नॉकआउट के लिए किसी और कप्तान को नियुक्त करना होगा, जो 12 जनवरी से शुरू होंगे। एमसीए सचिव उन्मेश खानविलकर ने कहा कि जब स्थिति साफ हो जाएगी तो हम फैसला लेंगे। श्रेयस बाकी दो लीग मैचों में टीम की कप्तानी करेंगे।

# सिडनी में जो रूट का मास्टरक्लास... जड़ दिया एक और टेस्ट शतक, रिकी पोंटिंग की बराबरी पर पहुंचे

**इंग्लैंड।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रूट ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एशेज सीरीज 2025-26 के पांचवें एवं आखिरी मुकाबले में जबरदस्त प्रदर्शन किया है। सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर खेले जा रहे इस टेस्ट मैच दूसरे दिन (5 जनवरी) रूट ने शतकीय पारी खेली। रूट ने इंग्लैंड की पहली पारी में 15 चौकों की मदद से 242 गेंदों पर 160 रन बनाए। रूट ने इस दौरान 146 गेंदों पर शतक पूरा किया। रूट के टेस्ट करियर का ये 41वां शतक रहा।



जो रूट अब टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। रूट ने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग की बराबरी कर ली। पोंटिंग ने भी टेस्ट क्रिकेट में 41 शतक जड़े थे। जैक्स कैलिस और मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर ही इन दोनों से ज्यादा टेस्ट लगा पाए थे। इस फॉर्मेट में कैलिस ने 45 और सचिन ने 51 शतक लगाए। रूट ने बता दिया है कि मौजूदा दौर के वो बेस्ट टेस्ट बल्लेबाज हैं। एक्टिव बल्लेबाजों में स्टीव स्मिथ (36) और केन विलियमसन (33) तो रूट से काफी पीछे हैं।

पहले दिन का खेल जल्दी समाप्त होने के बाद जो रूट 72 रन बनाकर नाबाद लौटे थे। दूसरे दिन उन्होंने बेहतर गेंदबाजी और असमान उछाल वाली पिच के बावजूद बिना किसी परेशानी के अपनी पारी को आगे बढ़ाया। दूसरे छोर पर हैरी ब्रूक (84), बेन स्टोक्स (0) और जेमी स्मिथ (46) के विकेट गिरे, लेकिन रूट ने संयम बनाए रखा और यादगार पारी खेलने में कामयाब रहे।

यह ऑस्ट्रेलियाई धरती पर जो रूट का दूसरा टेस्ट शतक रहा। ये दोनों शतक उन्होंने मौजूदा सीरीज में बनाए हैं। हैरानी की बात यह है कि इससे पहले तक ऑस्ट्रेलिया में खेले गए 14 टेस्ट मैचों में वह एक भी शतक नहीं लगा पाए थे। 2021 से लेकर अब तक रूट टेस्ट क्रिकेट में 24 शतक जड़ चुके हैं। पांच मैचों की एशेज सीरीज में इंग्लैंड फिलहाल 3-1 से पीछे है, लेकिन सिडनी टेस्ट में जीत से टीम को वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप 2025-27 में 12 अहम अंक मिल सकते हैं। इंग्लैंड इस समय नौ टीमों की तालिका में सातवें स्थान पर है।

# 'कॉमनवेल्थ 2030 के बाद गुजरात में 2036 ओलंपिक की मेजबानी का लक्ष्य'






**मुंबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष जय शाह ने रविवार को कहा कि 2030 के कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी के बाद भारत का लक्ष्य 2036 ओलंपिक खेलों को गुजरात में आयोजित करना है। साथ ही उन्होंने ओलंपिक में 100 पदक जीतने का लक्ष्य भी रखा।

सूरत में डॉ. हेडगेवार सेवा स्मृति सेवा समिति द्वारा आयोजित 'रन फॉर गर्ल चाइल्ड' मैराथन को संबोधित करते हुए जय शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात को कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 की मेजबानी दिलाने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा, 'कॉमनवेल्थ 2030 के बाद हमारा लक्ष्य 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी यहां करना है।'

पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत के प्रदर्शन का जिक्र करते हुए शाह ने कहा कि देश ने वहां आठ पदक जीते थे, लेकिन 2036 ओलंपिक के लिए कम से कम 100 पदक जीतने का लक्ष्य होना चाहिए। उन्होंने उम्मीद जताई कि इनमें से 10 पदक गुजरात के खाते से आएंगे।

जय शाह ने यह भी विश्वास जताया कि गुजरात से महिला खिलाड़ी कम से कम दो पदक जीतेंगी। उन्होंने भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम की भी सराहना की, जिसने 2024 टी20 विश्व कप (बारबाडोस) और 2025 चैंपियंस ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन किया। महिला खेलों के बढ़ते प्रभाव पर बात करते हुए शाह ने कहा कि पहले माता-पिता अपने बेटों को विराट कोहली जैसा बनते देखना चाहते थे, लेकिन अब वे अपनी बेटियों को स्मृति मंधाना और हरमनप्रीत कौर जैसी खिलाड़ी बनते देखने की इच्छा रखते हैं।

# फुटबॉल की सबसे बड़ी जंग: क्या फीफा विश्वकप 2026 में भिड़ सकते हैं मेसी-रोनाल्डो?

**पुर्तगाल।** लियोनल मेसी बनाम क्रिस्टियानो रोनाल्डो, सिर्फ ये नाम ही स्टेडियम खचाखच भर देने और करोड़ों फैंस को टीवी स्क्रीन से चिपका देने के लिए काफी हैं। यह प्रतिद्वंद्विता 2008 में आकार लेने लगी और 2009 में यूईएफए चैंपियंस लीग फाइनल में अपने पहले शिखर पर पहुंची, जहां बार्सिलोना ने मैनचेस्टर यूनाइटेड को हराया और मेसी ने बाजी मारी।





इसके बाद जब रोनाल्डो रियल मैड्रिड पहुंचे, तो एल क्लासिको फुटबॉल का सबसे बड़ा मंच बन गया। 2018 तक दोनों खिलाड़ी लगभग हर सीजन आमने-सामने आए, कई बार एक ही साल में तीन से ज्यादा मुकाबले हुए। इस दौर में दोनों ने एक-दूसरे को लगातार बेहतर बनने के लिए प्रेरित किया और फुटबॉल को कला, ताकत और गोलों की बारिश का संगम बना दिया।

## बैलन डी-ओर से G.O.A.T बहस तक

मेसी और रोनाल्डो ने मिलकर एक दशक से ज्यादा समय तक विश्व फुटबॉल पर राज किया। मेसी ने सात बैलन डी ओर जीते, जबकि रोनाल्डो के नाम पांच बैलन डी ओर हैं। यह आंकड़े सिर्फ व्यक्तिगत उपलब्धियां नहीं, बल्कि उस दौर की पहचान हैं जब फुटबॉल दो ध्रुवों के इर्द-गिर्द घूमता था। आज दोनों यूरोपीय फुटबॉल की पारंपरिक चमक से दूर हैं, मेसी अमेरिका में इंटर मियामी के लिए खेल रहे हैं, जबकि रोनाल्डो सऊदी प्रो लीग में अल नास्त्र का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। आमतौर पर ऐसे बदलाव को करियर के ढलान के रूप में देखा जाता है, लेकिन इन दोनों ने उम्र को चुनौती देते हुए यह साबित किया कि क्लास स्थायी होती है।

पुर्तगाल के मिडफील्डर ब्रूनो फर्नांडिस का मानना है कि रोनाल्डो की मौजूदगी टीम के लिए फायदेमंद है। उनका कहना है कि क्रिस्टियानो बॉक्स के अंदर अब भी बेहद उच्च स्तर के खिलाड़ी हैं। ब्रूनो ने कहा कि अगर कभी ऐसा लगता है कि पुर्तगाल के फुटबॉलर्स उनके बिना बेहतर खेलते हैं, तो यह उनकी गलती है। क्रिस्टियानो अब भी इस टीम को बहुत कुछ दे सकते हैं। अर्जेंटीना के दिग्गज जावियर जानेटी भी मेसी को टीम का सबसे बड़ा हथियार मानते हैं। उनके मुताबिक, मेसी की मौजूदगी अर्जेंटीना को एक बार फिर वर्ल्ड कप का प्रबल दावेदार बना सकती है।

## क्या अर्जेंटीना और पुर्तगाल को अब भी इनकी जरूरत है?

अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में मेसी और रोनाल्डो अब भी अपनी-अपनी टीमों की रीढ़ बने हुए हैं। मेसी ने 2023 में आठ मैचों में आठ गोल किए, 2024 में 11 मैचों में छह गोल दागे और उसी साल अर्जेंटीना को दूसरा कोपा अमेरिका जिताने में मदद की। 2025 में उन्होंने पांच मैचों में तीन गोल जोड़े। वहीं, रोनाल्डो ने 2023 में पुर्तगाल के लिए नौ मैचों में 10 गोल किए, 2024 में 12 मैचों में सात गोल जड़े और 2025 में नौ मुकाबलों में आठ गोल कर अपनी निरंतरता बनाए रखी। युवा सितारों के उभरने के बावजूद दोनों सुपरस्टार अब भी निर्णायक भूमिका निभा रहे हैं।



## आंकड़ों से परे असर

मेसी और रोनाल्डो का प्रभाव सिर्फ गोल और असिस्ट तक सीमित नहीं है। उनकी मौजूदगी टीम के बाकी खिलाड़ियों के प्रदर्शन को भी ऊपर उठाती है। 2022 वर्ल्ड कप इसका बेहतरीन उदाहरण था, जहां मेसी ने नेतृत्व किया, लेकिन कई अन्य अर्जेंटीनी खिलाड़ियों ने अहम मौकों पर आगे बढ़कर योगदान दिया।

## वर्ल्ड कप: विदाई के लिए सबसे बड़ा मंच

अगर इस ऐतिहासिक प्रतिद्वंद्विता को अलविदा कहने का कोई सही मंच है, तो वह वर्ल्ड कप ही है। इंटर मियामी बनाम अल नास्त्र का कोई दोस्ताना मुकाबला इस स्तर की कहानी को न्याय नहीं दे सकता। इसे चाहिए वही भव्यता, वही नाटकीयता और वही वैश्विक मंच, जो सिर्फ वर्ल्ड कप दे सकता है। रोनाल्डो के लिए प्रेरणा और भी बड़ी है। वर्ल्ड कप ही वह एकमात्र बड़ी ट्रॉफी है जो उनके करियर में नहीं है और 2026 शायद उनका आखिरी मौका हो।


## वर्ल्ड कप रिकॉर्ड्स की जंग

मेसी के नाम सबसे ज्यादा वर्ल्ड कप मैच खेलने का रिकॉर्ड है। 26 मुकाबले और 13 गोल। वहीं, रोनाल्डो ने 22 मैचों में आठ गोल किए हैं। यह संभव है कि दोनों एक आखिरी बार गोल्डन बूट या गोल्डन बॉल की दौड़ में उतरें और अपनी टीमों को खिताब तक ले जाने की कोशिश करें।

## क्या 2026 आखिरी विश्व कप होगा?

अब नजरें फीफा वर्ल्ड कप 2026 पर टिकी हैं, जो शायद वह आखिरी मंच हो सकता है, जहां दोनों दिग्गज एक साथ किसी बड़े अंतरराष्ट्रीय टूनार्मेंट में दिखें। मेसी अपने वर्ल्ड कप भविष्य को लेकर रहस्य बनाए हुए हैं, जबकि रोनाल्डो साफ कह चुके हैं कि संन्यास दूर नहीं। ऐसे में 2026 को एक युग के अंत के रूप में देखा जा रहा है।

फैंस का सपना है कि 2026 वर्ल्ड कप फाइनल में मेसी बनाम रोनाल्डो देखने को मिले। हालांकि, टूनार्मेंट के समीकरण ऐसे भी बन सकते हैं कि दोनों की टक्कर क्वार्टरफाइनल या सेमीफाइनल में ही हो जाए। अगर अर्जेंटीना ग्रुप जे में शीर्ष पर रहती है और पुर्तगाल ग्रुप के जीतता है, तो क्वार्टरफाइनल में भिड़ंत संभव है, नहीं तो सेमीफाइनल में भी यह महामुकाबला हो सकता है।




# सड़क निर्माण को लेकर कांग्रेस ने किया तहसील का घेराव



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** मोदीनगर तहसील में आयोजित तहसील दिवस के अवसर पर सोमवार को शहर कांग्रेस कमेटी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने तहसील का घेराव किया। कांग्रेस कार्यकर्ता प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए तहसील दिवस में पहुंचे और जमकर कर नारेबाजी की।

खंजरपुर से तिबड़ा रोड मोदीनगर निर्माण, हापुड रोड रेलवे फाटक पर रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण की वजह से लगने वाले जाम और तिबड़ा रोड फाटक पर अतिक्रमण के कारण लगने वाले जाम आदि समस्याओं को लेकर तहसील में एसडीएम का घेराव किया। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पीसीसी सदस्य पं0 सुनील शर्मा ने कहा कि खंजरपुर गढ़ी तिबड़ा रोड मार्ग की हालत पिछले कई साल से ज्यादा जर्जर स्थिति में है, कई बार प्रशासन को अवगत कराने के बाबजूद भी इसका निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है, जिस कारण गन्ने की ट्रैक्टर ट्राली हापुर रोड को आती है, यह करीब 10 गांव का रास्ता है। जिस कारण जाम की समस्या बनी रहती है। यदि यह मार्ग का निर्माण कर दिया जाए तो आमजन को और किसानों को सुविधा भी होगी और शहर से जाम को भी मुक्ति भी मिलेगी। राज चैपला फाटक पर ओवरब्रिज निर्माण के कारण आए दिन कोई ना कोई वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो रहा है। कई कई घंटे जाम लगा रहता है, तहसील दिवस में अधिकारियों ने इस पर संज्ञान लेकर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बृजेश कुमार सेन, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चांदवीर चैधरी, हरीश खुल्लर, कल्पना सिंह, भिखारी लाल कश्यप, विनोद गुप्ता, अभिनव शर्मा, जहूर अहमद, समसा बेगम, पंडित देवेंद्र शर्मा, अर्सलान अंसारी, मुकुल शर्मा, संजय शर्मा, अजीत सिंह मलिक, अनुज अग्रवाल, ब्रह्मपाल भारद्वाज, ओमवीर प्रधान व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रविंद्र कुमार शर्मा आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# ठिठुरती ठंड में मानवता की गर्माहट

## 'चाय सेवा परिवार' का संकल्प अब एसजी इंप्रेशन 58 तक पहुंचा





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** चाय सेवा परिवार पिछले पाँच साल से राजनगर एक्सटेंशन, गाजियाबाद में लोगों को चाय पिलाने की सेवा दे रहा है। यह परिवार कई सोसाइटियों में राहगीरों को चाय के साथ समोसे, बिस्कुट, ब्रेड पकोड़ा आदि का निःशुल्क वितरण करता है। 3 जनवरी शनिवार को चाय सेवा परिवार ने एसजी इंप्रेशन 58 में अपनी सेवा शुरू की है, जो हर शनिवार को प्रातः 8 बजे जारी रहेगी।

इस पहल का उद्देश्य लोगों को गर्म चाय और स्वादिष्ट नाश्ते के साथ एक सुखद अनुभव प्रदान करना है। चाय सेवा परिवार की टीम ने इस सेवा को शुरू करने के लिए बहुत मेहनत की है।

**सेवा में शामिल लोग :** एस के कपूर, सुनील कुमार त्यागी, सुभाष चंद्रा, सतीश कुमार त्यागी, राजीव त्यागी, प्रवीन त्यागी, जयपाल सिंह, कुलदीप चौधरी, अजित सिंह भाटी, अनीता जैन, अनिल कुमार शर्मा, सुशील गर्ग, संदीप गर्ग, निधि विश्वकर्मा, आलोक भारद्वाज, संजय यादव, गुंजन आदि लोग उपस्थित रहे।

# पोस्टर से मुख्यमंत्री का फोटो फाड़ने के मामले में रिपोर्ट दर्ज




**मोदीनगर, करंट क्राइम।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पोस्टर फाड़ने व अभद्र भाषा का प्रयोग करने के मामले में रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। गांव अबूपुर में नववर्ष की शुभाकामनाओं का पोस्टर जगह-जगह लगाए गए थे। पोस्टर में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का फोटो भी था। आरोप है कि तीन दिन पहले गांव निवासी दो लोगों ने मुख्यमंत्री का फोटो लगे पोस्टर को फाड़ दिया और मुख्यमंत्री के बारे में अभद्र भाषा का प्रयोग किया। विजय सिंह ने इस संबंध में निवाड़ी थाने में तहरीर दी है। एसीपी मोदीनगर अमित सक्सेना ने बताया कि शिव कुमार व राकुश कुमार उर्फ बिट्ठू निवासी गांव अबूपुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# इंस्टा पर युवक से दोस्ती करना महिला को पड़ा भारी

## अश्लील वीडियो बनाकर कर रहा है ब्लैकमेल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद की एक महिला को इंस्टाग्राम पर एक युवक से दोस्ती करना महंगा पड़ गया। युवक ने 40 वर्षीय महिला से पहले दोस्ती कर होटल बुलाकर संबंध बनाए। इसी दौरान आरोपित ने महिला के फोटो और वीडियो ले लिए। अब यह युवक महिला को ब्लैकमेल कर रहा है। महिला ने पुलिस को शिकायत देकर केस दर्ज कराया। इसके बाद भी युवक ने महिला से मिलना जारी रखा और माफी मांगने के बाद मुलाकात जारी रखी। महिला का आरोप है कि नए बस अड्डे के पास स्थित होटल में युवक ने कई बार संबंध बनाकर वीडियो तैयार कर लिए हैं। आरोपी युवक 45 हजार रुपए और गहने भी ले चुका है। युवक अब और रुपए मांग रहा है। रुपए न देने पर वीडियो प्रसारित करने की धमकी दे रहा है। पीड़िता की शिकायत पर सिहानी गेट पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




# जल्द बदलेंगे एसीपी और एसएचओ के फेस

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में एक ओर जहां आईपीएस और एसीपी स्तर वाली प्रदेश की लिस्ट का वेट हो रहा है। तो वही चर्चा इन दिनों पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में कुछ एसीपी और एसएचओ के फीस बदलने की भी शुरू हो गई है। यहां तक कहा जा रहा है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि मकर संक्रांति से लेकर 26 जनवरी के बीच कभी भी लोकल वाली लिस्ट का टविस्ट् आ सकता है। इस लिस्ट में तीन से चार बदलाव एसीपी स्तर पर देखने को मिलेंगे, जिसका असर ट्रैफिक से लेकर नदियापार तक नजर आएगा। तो वहीं पांच थाना प्रभारियों के भी लिस्ट में नाम होने की बात सुनाई दे रही है। दो नाम इसमें सिटी वाले जोन के रह सकते हैं, तो एक नाम नदिया पार और दो देहात वाले बताए जा रहे हैं। फिलहाल लिस्ट में अंतिम नाम किसका दर्ज होगा, यह उस समय के हालात अधिकारियों के फेस और कौन रेस से आउट किया जाएगा तय हो पाएगा। इन सबके बीच जानकारी मिल रही है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में पुलिस कर्मियों की वीडियो




वायरल, घटनाक्रम और वारदात के मामलों को लेकर लखनऊ में भी शोरगुल सुनाई दिया है। बताया जा रहा है जिस तरीके से थार वाली कार से वार किया गया है और टू-स्टार को धमकाने वाली मैडम का वीडियो वायरल हुआ है, तो वही हाई राइज बिल्डिंग में मारपीट वाला मामला भी खास बिल्डिंग तक पहुंच गया है। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्रों पर भरोसा किया जाए तो कमिश्नरेट वाली लिस्ट इसी महीने आएगी। इसमें कई थाना प्रभारियों के फेस बदलेंगे, तो एसीपी स्तर के अधिकारियों को भी बदलाव का करंट लगेगा। बताया जा रहा है कि ट्रैफिक वाले महकमे में भी कुछ सुधार और बदलाव देखने को मिल सकते हैं। कहा तो यह भी जा रहा है कि कमिश्नरेट वाले सिस्टम में दो आईपीएस अधिकारियों को लखनऊ से सिग्नल मिला है कि उन्हें नई जगह भेजा जाएगा। अब देखना होगा कि इस रेस में कौन सा फेस शामिल होगा और किसको हॉट सीट, तो किसको वेटिंग पर रखा जाता है। कुल मिलाकर आने वाले कुछ ही दिनों में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में तबादला एक्सप्रेस का असर देखने को मिलेगा। जिसका प्रभाव पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के तीनों ही जोन में पढ़ना तय माना जा रहा है।




## ध्वज प्रणाम वाले भाई साहब को मनाने में लगे हैं कौन से विधायक जी

ध्वज प्रणाम वालों का जलवा मूल भाजपाई जानते हैं। लेकिन उनका क्या करें जो सरकार के बाद आये हैं और फोन उठाने का काम ले लिया। किस्सा एक विधायक जी के सहयोगी से जुड़ा है। लगभग 12 दिन पहले ध्वज प्रणाम वाले प्रचारक जी का फोन एक विधायक के पास पहुंचा। इसे नई सियासी अदा कहिए या व्यस्त मामला कहिए मगर फोन विधायक जी के बजाय उनके सहयोगीने उठा लिया। अब सहयोगी को क्या पता कि ध्वज प्रणाम वालों का प्रोटोकॉल क्या होता है। सहयोगी ने ध्वज प्रणाम वालों को तवज्जों नहीं दी और कह दिया कि विधायक जी बिजी हैं। बताते हैं कि ध्वज प्रणाम वालों के दिल पर इस बात की ठेस पहुंची। आफ्टर ऑल उनका भी तो वतन यहीं पर है। चार दिन पहले विधायक जी से ध्वज प्रणाम वाले मिल गये। विधायक जी ने जब प्रणाम कियातो ध्वज प्रणाम वाले भाई साहब ने भी कह दिया कि वो सब तो ठीक है लेकिन अपने सहयोगी को बता देना कि प्रचारक का क्या प्रोटोकॉल होता है। सुना है इस बात को सुनकर विधायक हैरान रह गये। अब वो प्रचारक जी को मनाने में जुटे हैं। क्योंकि विधायक जी पुराने फूल हैं और वो जानते हैं कि अगर ध्वज प्रणाम वाले किसी नाम को लेकर कूल हो गये तो फिर ये मानों की उसकी राजनीति के सितारे ही प्रतिकूल हो जाते हैं।

## रहे सब होशियार कौन सी जमीन पर हो रहा है मॉल का नक्शा तैयार

लैंड को लेकर सबसे ज्यादा बैंड ही फूल वालों के यहां बज रहा है। किसी की जमीन देहात में फल फूल रही है तो किसी की जमीन शहर में फैल गई है। किसी के पास फार्म हाउस आ गया है तो किसी ने अगल-बगल-आगे-पीछे सारे मकान खरीद लिये हैं। बस चौराहे का नामकरण बाकी रह गया है। लैंड वाले खेल में तो स्वर्गियों की आत्मा स्वर्ग से बता देगी कि खेल क्या चल रहा है। जिन्हें खदेड़ना था उन्हें तो खदेड़ लिया और कांग्रेस वाली जमीन पर फूल वालों के पिता जी आग गये। अब विकास वाले महकमें से जो खबर निकली है वो ये है कि सब होशियार रहो। क्योंकि जमीन पर मॉल का नक्शा तैयार हो रहा है। अगर मॉल का नक्शा बन रहा है तो फिर कुछ तो दाल में काला है या फिर सारी दाल ही काली हो गई है।

## कमांडर रहते हुए हमने मामलों को बड़े आराम से सुलझाया है उलझाया नहीं

सर्दी के मौसम में सियासद धधक रही है। ये आग दिखाई नहीं दे रही लेकिन इसकी तपिश महसूस की जा रही है। वो लाख कहें कि हम तो धर्म के काम से गये थे। मगर जब जिंदाबाद का नारा लगाया तो हरा झंडा केसरिया वालों ने लहराया। मैडम को इस काम के लिए भी नहीं बुलाया। मंच पर धक्के के रूक्के अब तक मच रहे हैं। बात तुलना की चली तो तुलना करने वालों ने भी तराजू उठा लिया। बता दिया कि ये तो अपनी अपनी नेचर की बात है और कमांडर जानते हैं कि कुनबे को साथ लेकर कैसे चलना है। उन्होंने बता दिया कि उनके टाईम पर भी ऐसे प्राईम शो हुए हैं। याद दिलाया कि भगवा दफ्तर के बाहर ही चौपड़ा जी ने अरोड़ा जी को कूट दिया था। वो तो चौधरी साहब के गनर बीच में कूदे तब मामला रूका। ऐसा नहीं होना चाहिए था मगर चौपड़ा जी गुस्से में कर गये। लेकिन मामले को बड़े आराम से सुलझाया गया। चौधरी साहब को भी गुस्सा आ गया था और उन्होंने भी लाला जी में एक घूंसा धर दिया। लेकिन बिना किसी तूफान के इस मामले को भी सुलटा लिया गया। कहने का मतलब ये है कि जो भी चेयर पर बैठता है उसके हिस्से में ये सब किस्से भी आते हैं। मगर सबसे बड़ी बात ये है कि अपने तापमान पर काबू पाते हुए माहौल के तापमान को अपने अनुकूल करना ही कमांडरी कला है।

# स्वर्गीय देवी सिंह की पुण्यतिथि पर दी गई उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि




साहिबाबाद (करंट क्राइम)। वैशाली वार्ड 89 के पार्षद राजकुमार सिंह के पिता स्वर्गीय देवी सिंह की पुण्यतिथि गौरीशंकर मंदिर वैशाली में आयोजित की गई। पुण्य तिथि पर सुबह 11 बजे हवन हुआ और दोपहर 12.30 बजे भोजन प्रसाद वितरित किया गया। निगम पार्षद राजकुमार सिंह के पिता स्वर्गीय देवी सिंह की पुण्यतिथि पर क्षेत्र के गणमान्य लोग पहुंचे। सभी ने स्वर्गीय देवी सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# राष्ट्रीय व्यापार मंडल मनाएगा 'सेवा सप्ताह'

## जिलाध्यक्ष बाल किशन गुप्ता के जन्मदिन पर लगेंगे स्वास्थ्य व आधार शिविर



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राष्ट्रीय व्यापार मंडल की एक महत्वपूर्ण बैठक सोमवार को घूकना स्थित जिला संरक्षक संदीप त्यागी रसम के कार्यालय पर संपन्न हुई। बैठक में संगठन के जिलाध्यक्ष बाल किशन गुप्ता के जन्मदिवस को सामाजिक सरोकार से जोड़ते हुए 'सेवा सप्ताह' के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे पंडित अशोक भारतीय ने बताया कि सेवा सप्ताह का शुभारंभ 7 जनवरी को वृक्षारोपण से किया जाएगा। इस दिन सुबह 10 :30 बजे कवि नगर के जी-ब्लॉक पार्क में प्रदूषण निवारण हेतु 11 पीपल के पौधे लगाए जाएंगे। इसके पश्चात 12 जनवरी से 17 जनवरी तक विधिवत सेवा सप्ताह चलेगा। संदीप त्यागी रसम के संचालन में आयोजित इस बैठक में तय हुआ कि डाक विभाग और स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से शहर के विभिन्न हिस्सों में आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड और नेत्र जांच शिविर लगाए जाएंगे। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों का मुख्य उद्देश्य जनता की समस्याओं का मौके पर समाधान कराना है।

बैठक के दौरान सभी ने जिलाध्यक्ष बाल किशन गुप्ता को अग्रिम बधाई दी। इस अवसर पर मुख्य रूप से सौरभ यादव, राम प्यारे यादव, वीरेन्द्र कंडेरे, मनोज कुमार, राजकुमारी त्यागी, सीमा झा, रेनू त्यागी, ऋषिक त्यागी, सिमरन, प्रीति रानी, कृष्णवीर चौधरी और प्रेमवती सहित संगठन के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। नया वाहन, नई उमंग, नया उल्लास और नई तरक्की का संदेश लेकर आता है। प्रतीक शर्मा ने नई इनोवा कार ली और उन्होंने अपनी इस खुशी को फेसबुक पर साझा किया। प्रतीक शर्मा ने नई कारको परिवार का नया सदस्य बताया और इसे माता पिता का आशीर्वाद बताया। कार की खुशी को फेसबुक पर साझा किया। नई कार की खुशी को साझा करती प्रतीक शर्मा की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# बांग्लादेश के हिंदू नेता का नामांकन रद्द अब फैसले को चुनौती देने की तैयारी




**ढाका।** बांग्लादेश नेशनल हिंदू महाजोत के महासचिव गोबिंद चंद्र प्रमाणिक ने नामांकन रद्द किए जाने के फैसले को चुनौती देने का ऐलान किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि बीएनपी के दबाव में उनके समर्थकों को डराया गया, जिसके चलते उनका नामांकन खारिज हुआ। अब वे चुनाव आयोग के इस फैसले के खिलाफ अपील करेंगे।

बांग्लादेश नेशनल हिंदू महाजोत के महासचिव गोबिंद चंद्र प्रमाणिक ने चुनाव आयोग के फैसले को चुनौती देने की घोषणा की है। वह आगामी चुनावों के लिए अपना नामांकन पत्र रद्द करने के चुनाव आयोग के फैसले के खिलाफ अपील करेंगे। प्रमाणिक ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के गढ़ माने जाने वाले गोपालगंज-3 निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में पर्चा भरा था।

### क्या बोले हिंदू नेता प्रमाणिक?

चुनाव नियमों के मुताबिक, इस सीट से निर्दलीय उम्मीदवार को कम से कम 3,086 मतदाताओं के हस्ताक्षर वाला सहमति पत्र जमा करना अनिवार्य है। चुनाव आयोग के अधिकारियों ने जांच में पाया कि कई हस्ताक्षरों की पुष्टि नहीं हो सकी, जिसके कारण उनका नामांकन अमान्य घोषित कर दिया गया। चुनाव आयोग के इस फैसले पर एक समाचार एजेंसी से बात करते हुए प्रमाणिक ने कहा कि उन्हें प्रक्रिया में सुधार की उम्मीद है और वे इस फैसले के खिलाफ अपील करेंगे।

### हिंदू नेता ने लगाया था आरोप

हालांकि इस पर प्रमाणिक ने एक मीडिया संस्थान से बात करते हुए को बताया था कि उन्होंने असली हस्ताक्षर जमा किए थे, लेकिन 'बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी' (बीएनपी) के कार्यकताओं ने उनके समर्थकों को डराया-धमकाया और अधिकारी के सामने यह झूठ बोलने पर मजबूर किया। इसके चलते उनका नमांकन रद्द हुआ।

### अल्पसंख्यक पर लगातार हो रहे हमले

यह चुनावी घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है जब बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदाय डर के साये में है और उन पर हमलों की खबरें लगातार आ रही हैं। हाल ही में नए साल की पूर्व संध्या पर एक दिल दहला देने वाली घटना हुई, जिसमें खोकन दास नामक हिंदू व्यक्ति की नृशंस हत्या कर दी गई। हमलावरों ने उन पर धारदार हथियारों से वार किया और पेट्रोल डालकर आग लगा दी। जान बचाने के लिए दास पास के तालाब में कूदे, लेकिन गंभीर रूप से जलने के कारण ढाका में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

### तीन आरोपी हुए गिरफ्तार

इस हत्याकांड में कार्रवाई करते हुए बांग्लादेश के विशिष्ट बल 'रैपिड एक्शन बटालियन' (आरएबी) ने तीन आरोपियों- सोहाग, रब्बी और पलाश को गिरफ्तार कर लिया है। खुफिया जानकारी के आधार पर फ्ञइ की टीम ने किशोरगंज के बाजितपुर इलाके में छापा मारकर उन्हें पकड़ा। पुलिस अधीक्षक रौनक जहां ने पुष्टि की है कि मरने से पहले पीड़ित खोकन दास ने खुद हमलावरों के नाम बताए थे, जिसके आधार पर यह कार्रवाई हुई।

# वेनेजुएला पर अमेरिकी हमले को लेकर चीन सख्त

## शी जिनपिंग बोले:एकतरफा कार्रवाई से कमजोर हो रही अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था



**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की टिप्पणियां वेनेजुएला में वॉशिंगटन की सैन्य कार्रवाइयों की आलोचना करते हुए बीजिंग के कड़े बयानों की श्रृंखला में नवीनतम कड़ी है। जिनपिंग ने कहा है कि इस तरह की एकतरफा कार्रवाईयों से अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था कमजोर हो रही है।

वेनेजुएला पर सैन्य कार्रवाई के खिलाफ चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अमेरिका पर सख्त टिप्पणी की है। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने बिना नाम लिए अमेरिका पर निशाना साधा और हिदायत भी दी। उन्होंने कहा कि प्रमुख शक्तियों को अन्य देशों के विकास पथ का सम्मान करने में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने सोमवार को आयरलैंड के प्रधानमंत्री माइकल मार्टिन से मुलाकात के दौरान ये टिप्पणियां की। शी जिनपिंग का बयान वॉशिंगटन की ओर से वेनेजुएला पर किए गए हमलों पर बीजिंग की पहले की आलोचना को और पुष्ट करता है।

'अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को कमजोर कर रहीं दादागिरी वाली कार्रवाईयां', बोले जिनपिंग साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक चीन के विदेश मंत्रालय के एक बयान के अनुसार शी जिनपिंग ने कहा, 'आज दुनिया एक सदी में अभूतपूर्व परिवर्तनों और उथल-पुथल से गुजर रही है, जिसमें एकतरफा और दादागिरी वाली कार्रवाईयों से अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था गंभीर रूप से कमजोर हो रही है।'

बयान के मुताबिक जिनपिंग ने कहा, 'सभी देशों को अन्य राष्ट्रों के लोगों की ओर से स्वतंत्र रूप से चुने गए विकास पथों का सम्मान करना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के उद्देश्यों और सिद्धांतों का पालन करना चाहिए। विशेष रूप से प्रमुख शक्तियों को ऐसा करने में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए।' इस संदेश में काराकास की संप्रभुता और राष्ट्रीय सुरक्षा, राष्ट्र की गरिमा और सामाजिक स्थिरता की रक्षा में उसका समर्थन जारी रखने का संकल्प लिया था। वेनेजुएला में अमेरिकी सैन्य कार्रवाई के कुछ ही घंटों बाद चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा था कि वह एक संप्रभु राज्य के खिलाफ अमेरिका के खुले बल प्रयोग और उसके राष्ट्रपति के खिलाफ कार्रवाई से बेहद स्तब्ध है।

### चीन ने की थी मादुरो और उनकी पत्नी की तत्काल रिहाई की मांग

विदेश मंत्रालय के बयान में कहा गया था, 'अमेरिका के वर्चस्ववादी कृत्य अंतरराष्ट्रीय कानून और वेनेजुएला की संप्रभुता का गंभीर रूप से उल्लंघन करते हैं। साथ ही लैटिन अमेरिका और कैरेबियन क्षेत्र में शांति और सुरक्षा को खतरा पैदा करते हैं।' चीन ने अमेरिका की ओर से निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को जबरन देश से बाहर ले जाने पर गहरी चिंता जताई और उनकी तत्काल रिहाई की मांग की।

### वेनेजुएला के तेल का सबसे बड़ा खरीदार है चीन

वेनेजुएला का सबसे बड़ा तेल खरीदार चीन बार-बार कह चुका है कि वेनेजुएला को बाहरी दबाव के बिना अन्य देशों के साथ आर्थिक सहयोग करने का अधिकार है। बीते साल नवंबर में निकोलस मादुरो के जन्मदिन के अवसर पर भेजे गए बधाई संदेश में शी ने चीन और वेनेजुएला को घनिष्ठ मित्र, प्रिय भाई और अच्छे साझेदार बताया था।

# वेनेजुएला के बाद कोलंबिया पर भी हमला कर सकता है अमेरिका, ट्रंप की खुली चेतावनी




**वॉशिंगटन।** वेनेजुएला में अमेरिकी सैन्य कार्रवाई के बाद ट्रंप ने सीधे तौर पर कोलंबिया के खिलाफ सैन्य अभियान चलाने का इशारा किया है। गौरतलब है कि कोलंबिया कोकीन का सबसे बड़ा उत्पादक देश है। ट्रंप का आरोप है कि कोलंबिया अवैध तरीके से अमेरिका में कोकीन भेजता है। वेनेजुएला पर बड़ी अमेरिकी सैन्य कार्रवाई के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को फिर से दूसरे हमले की चैतावनी जारी की। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि हम दूसरे हमले के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि अगर उनका बर्ताव नहीं सुधरा तो हम दूसरा हमला करेंगे।

वेनेजुएला के राजनीतिक भविष्य को लेकर संशय बरकरार है। अमेरिकी सैन्य कार्रवाई के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वेनेजुएला की कमान अमेरिका संभालेगा। हालांकि, अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने वेनेजुएला में अमेरिकी कब्जे को लेकर पूछे गए सवाल पर कहा कि मौजूदा हालात में ऐसा कुछ नहीं है।

अमेरिकी राष्ट्रपति से एक पत्रकार ने पूछा कि क्या वेनेजुएला में दूसरे ऑपरेशन की संभावना खत्म हो गई है। इसके जवाब में ट्रंप ने कहा, 'ऐसा नहीं है। अगर वे ठीक से बर्ताव नहीं करते हैं, तो हम दूसरा हमला करेंगे।' वहीं, मार्को रुबियो ने कहा कि अमेरिका फिलहाल तेल क्वारंटीन और बड़े नौसैनिक तैनाती जैसे कदमों के जरिए वेनेजुएला सरकार पर दबाव बना रहा है।

### क्या अगला नंबर कोलंबिया का है?

इतना ही नहीं डोनाल्ड ट्रंप ने वेनेजुएला जैसी एक और कार्रवाई कोलंबिया में भी करने का संकेत दिया है। कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो पर तंज कसते हुए ट्रंप ने कहा कि वह देश एक बीमार शख्स के शासन में है। कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने वेनेजुएला पर अमेरिकी सैन्य अभियान की आलोचना की थी। इस पर भड़के राष्ट्रपति ट्रंप ने पेट्रो को चेतावनी देते हुए कहा कि वे अपनी जान बचाएं।

जब ट्रंप से पूछा गया कि क्या अमेरिका उस देश के खिलाफ सैन्य अभियान चलाएगा, तो उन्होंने जवाब दिया, 'ऐसा अभियान मुझे अच्छा लगता है।' उन्होंने कहा, 'कोलंबिया भी बहुत बीमार है और वहां एक बीमार आदमी का शासन है। उसे कोकीन बनाना और उसे अमेरिका को बेचना पसंद है। वह इसे बहुत लंबे समय तक नहीं कर पाएगा।'

### मादुरो और उनकी पत्नी की आज होगी कोर्ट में पेशी

वेनेजुएला की राजधानी काराकास में आधी रात को चलाए गए अभियान में देश के नेता निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस को गिरफ्तार किया गया था। मादुरो और उनकी पत्नी फिलहाल न्यूयॉर्क में हैं। दोनों की आज एक अदालत में मादक पदार्थों से संबंधित आतंकवाद की साजिश के मामले में मुकदमे में पेशी होनी है।

# एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी की परीक्षाएं प्रारंभ शीर्ष नेतृत्व ने दी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं



**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी, गाज़ियाबाद में जनवरी 2026 की ऑड सेमेस्टर की इंड सेमेस्टर परीक्षाओं का शुभारंभ विश्वविद्यालय के स्वीकृत शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार सुव्यवस्थित, सुचारु एवं अनुशासित ढंग से किया गया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के चांसलर एवं चेयरमैन महेन्द्र अग्रवाल, वाइस चेयरमैन अखिल अग्रवाल, प्रो-चांसलर नितिन अग्रवाल, कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रसेनजीत कुमार तथा प्रो-वाइस चांसलर (प्रशासन) पीयूष श्रीवास्तव ने सभी विद्यार्थियों को परीक्षा में सफल प्रदर्शन एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ प्रदान।

विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा सभी निर्धारित दिशानिर्देशों एवं प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया गया, जो शैक्षणिक उत्कृष्टता एवं गुणवत्ता-प्रधान अकादमिक व्यवस्था के प्रति विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी सभी विद्यार्थियों के सफल परिणामों की कामना करती है तथा एक अनुशासित, सहयोगी एवं उत्कृष्टता-प्रेरित शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के अपने संकल्प को पुनः दोहराती है।

# अमेरिकी उप राष्ट्रपति जेडी वेंस के घर पर हमला खिड़कियां टूटीं, हिरासत में संदिग्ध आरोपी

**ओहायो।** अमेरिका के उप राष्ट्रपति जेडी वेंस के ओहायो स्थित घर पर पत्थर से हमले की खबर है। हमले में उनके घर की खिड़कियां टूट गईं। इस मामले में एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया गया है।

अमेरिका के सिनसिनाटी में उप राष्ट्रपति जेडी वांस के घर पर रात (स्थानीय समय) में हमला किया गया, जिसमें कई खिड़कियां टूट गईं। इस घटना के बाद सीक्रेट सर्विस और स्थानीय पुलिस ने प्रतिक्रिया दी।

सीक्रेट सर्विस के एजेंट सोमवार की सुबह जल्दी ईस्ट वालनट हिल्स स्थित घर पर पहुंचे। एक संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है। हालांकि अधिकारियों ने यह पुष्टि नहीं की है कि उसके खिलाफ कोई मामला दर्ज किया गया है या नहीं। पुलिस ने स्थानीय टेलीविजन चैनल डब्ल्यूसीपीओ को बताया कि संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है। लेकिन और कोई जानकारी साझा नहीं की।



इस बात की तत्काल पुष्टि नहीं हो सकी कि घटना के समय वेंस घर पर थे या नहीं। स्थानीय मीडिया के अनुसार, उन्हें शुक्रवार को फ्लोरिडा में देखा गया था, जहां उन्होंने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ वेस्ट पाम बीच में राष्ट्रपति के गोल्फ क्लब में समय बिताया था। वेंस और ट्रंप ने वेनेजुएला पर अमेरिकी हमलों और राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को हटाने की योजना पर चर्चा की थी। हालांकि, सुरक्षा कारणों के चलते वेंस ट्रंप और अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मार-ए-लागो में सैन्य अभियान का सीधा प्रसारण देखने नहीं गए।

इसके बजाय उप राष्ट्रपति ने एक सुरक्षित वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये अमेरिकी सैन्य अभियान की निगरानी की और इसके समाप्त होने के बाद सिनसिनाटी लौट गए। उनके कार्यालय ने कहा कि वह इस प्रक्रिया और योजना में गहराई से शामिल थे।

# आरडब्लूए के अध्यक्ष बने आशुतोष मित्तल

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** आलोक पार्क कॉलोनी की रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन की नव समिति के चुनाव में आशुतोष मित्तल को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया है। इसके अलावा अन्य पदाधिकारी भी निर्विरोध रूप से निर्वाचित हुए हैं। आलोक पार्क कॉलोनी निवासी लक्ष्मण राठी व जग शरण कंसल की निगरानी में कॉलोनी की रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन की नव कमेटी का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें निर्विरोध रूप से आशुतोष मित्तल को अध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा समिति के अन्य पदाधिकारियों में प्रवीण सिंघल उपाध्यक्ष, शरद गुप्ता सचिन (एस्टेट), दीपक शुक्ला सचिव (पर्यावरण एवं सुरक्षा), अमित चिकारा को कोषाध्यक्ष के पद पर निर्विरोध रूप से चुना गया है। साथ ही सचिन शर्मा, पंकज कोटियाल, जतिन रुहेला व केपी कंसल सदस्य पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। आलोक पार्क कॉलोनी की नव निर्वाचित कमेटी ने अपने पदों के दायित्वानुसार कार्यभार संभाल लिया है। सभी कॉलोनीवासियों ने नवनिर्वाचित कमेटी के अध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारियों को बधाई दी है। इसके अलावा बधाई देने वालों में शहर के प्रमुख व गणमान्य लोग भी शामिल रहे।



# अमेरिका में भारतीय युवती की चाकू से हत्या, पूर्व प्रेमी पर आरोप

**मैरीलेंड।** अमेरिका के मैरीलैंड राज्य में 27 वर्षीय भारतीय युवती निकिता गोदिशाला की चाकू से हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस का आरोप है कि निकिता के पूर्व प्रेमी अर्जुन शर्मा ने घटना को अंजाम दिया। अमेरिका के मैरीलैंड राज्य में 27 वर्षीय भारतीय युवती निकिता गोदिशाला की हत्या का मामला सामने आया है। पुलिस का आरोप है कि इस वारदात को निकिता के पूर्व प्रेमी अर्जुन शर्मा ने अंजाम दिया और इसके बाद वह भारत फरार हो गया।

### कैसे सामने आया पूरा मामला?

हावर्ड काउंटी पुलिस के मुताबिक, निकिता गोदिशाला एलिकॉट सिटी की रहने वाली थीं और 2 जनवरी को उनके लापता होने की सूचना दी गई थी। जांच के दौरान पुलिस को निकिता का शव कोलंबिया, मैरीलैंड में स्थित अर्जुन शर्मा के अपार्टमेंट से बरामद हुआ। शव पर चाकू से किए गए कई वार के निशान मिले हैं, जिससे हत्या की आशंका और गहरी हो गई।




पूर्व प्रेमी ने दर्ज कराई थी गुमशुदगी की रिपोर्ट चौंकाने वाली बात यह है कि निकिता की गुमशुदगी की रिपोर्ट खुद अर्जुन शर्मा ने ही दर्ज कराई थी। उसने पुलिस को बताया था कि उसने आखिरी बार 31 दिसंबर की शाम को निकिता को अपने अपार्टमेंट में देखा था। हालांकि, पुलिस जांच में सामने आया कि 2 जनवरी को रिपोर्ट दर्ज कराने के तुरंत बाद अर्जुन अमेरिका छोड़कर भारत के लिए रवाना हो गया। इससे उस पर शक और पुख्ता हो गया।

जांचकताओं का मानना है कि 31 दिसंबर की शाम करीब 7 बजे के बाद निकिता की हत्या की गई। पुलिस ने अर्जुन शर्मा के खिलाफ प्रथम और द्वितीय श्रेणी की हत्या के आरोप में गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया है। आरोपी की तलाश के लिए अमेरिकी संघीय एजेंसियों के साथ समन्वय किया जा रहा है।

### भारतीय दूतावास परिवार के संपर्क में

इस मामले पर वाशिंगटन डीसी स्थित भारतीय दूतावास ने बयान जारी कर कहा है कि वह निकिता के परिवार के संपर्क में है और उन्हें हर संभव कांसुलर सहायता दी जा रही है। दूतावास स्थानीय अमेरिकी अधिकारियों के साथ भी लगातार संपर्क बनाए हुए है। फिलहाल हत्या के पीछे की असली वजह सामने नहीं आ पाई है। पुलिस का कहना है कि जांच जारी है और आरोपी को जल्द पकड़ने के प्रयास तेज कर दिए गए हैं।

# वेनेजुएला पर अमेरिकी कार्रवाई के बीच किम जोंग उन ने हाइपरसोनिक मिसाइल परीक्षण कराया



**सियोल।** वेनेजुएला पर अमेरिकी सैन्य कार्रवाई के बीच उत्तर कोरिया ने हाइपरसोनिक मिसाइलों का परीक्षण किया। उत्तर कोरिया ने सोमवार को कहा कि नेता किम जोंग उन ने हाइपरसोनिक मिसाइलों के परीक्षण-उड़ानों का अवलोकन किया। किम जोंग उन ने देश के परमाणु युद्ध को रोकने वाले हथियारों को बढ़ाने की जरूरत पर जोर दिया, क्योंकि देश अपने प्रमुख राजनीतिक सम्मेलन से पहले हथियारों के प्रदर्शन को बढ़ा रहा है। उत्तर कोरिया ने इस अभ्यास की जानकारी अपने पड़ोसी देशों की ओर से कई बैलिस्टिक मिसाइल प्रक्षेपणों का पता लगाने और उत्तर कोरिया पर उकसावे का आरोप लगाने के एक दिन बाद दी। ये परीक्षण दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ शिखर सम्मेलन के लिए चीन रवाना होने से कुछ ही घंटे पहले हुए।

एक कारगर हाइपरसोनिक हथियार हासिल करने से उत्तर कोरिया को अमेरिका और दक्षिण कोरिया की मिसाइल रक्षा प्रणालियों को भेदने की क्षमता मिल जाएगी। पिछले कुछ वर्षों में, उत्तर कोरिया ने इसे प्राप्त करने के लिए कई परीक्षण किए हैं, लेकिन कई विदेशी विशेषज्ञ इस बात पर संदेह जताते हैं कि परीक्षण की गई मिसाइलों ने उड़ान के दौरान वांछित गति और निशाना बदलने की क्षमता प्राप्त की है या नहीं।

### मिसाइल परीक्षण पर क्या बोले विशेषज्ञ?

**विशेषज्ञ? :** हाल के हफ्तों में उत्तर कोरिया ने लंबी दूरी की रणनीतिक क्रूज मिसाइलों और नई वायु-रोधी मिसाइलों का परीक्षण किया। उत्तर कोरिया ने अपनी पहली परमाणु-संचालित पनडुब्बी के निर्माण में हुई प्रगति को दशानें वाली तस्वीरें भी जारी कीं। पर्यवेक्षकों का कहना है उपलब्धियों का प्रदर्शन या समीक्षा करना है। सबकी निगाहें इस बात पर टिकी है।

### आक्रामक हथियार प्रणालियों को लगातार बढ़ाएगा उत्तर कोरिया

आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने कहा कि रविवार को हाइपरसोनिक हथियार प्रणाली से जुड़े अभ्यास का उद्देश्य इसकी तत्परता की जांच करना, मिसाइल सैनिकों के मारक क्षमता परिचालन कौशल को बढ़ाना और देश की युद्ध निवारक क्षमता का मूल्यांकन करना था। केसीएनए के अनुसार किम जोंग ने कहा, 'आज के प्रक्षेपण अभ्यास के जरिए हम इस बात की पुष्टि कर सकते हैं कि राष्ट्रीय रक्षा के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण तकनीकी कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया गया है। हमें सैन्य साधनों, विशेष रूप से आक्रामक हथियार प्रणालियों को लगातार उन्नत करना होगा।'

### उत्तर कोरिया ने की वेनेजुएला पर अमेरिकी सैन्य कार्रवाई की निंदा

सोमवार को ली और शी के बीच होने वाले शिखर सम्मेलन में उत्तर कोरिया के परमाणु कार्यक्रम पर चर्चा होने की उम्मीद है। ली के कार्यालय ने पहले कहा था कि वे उत्तर कोरिया के प्रमुख सहयोगी और आर्थिक संपर्क सूत्र चीन से कोरियाई प्रायद्वीप में शांति को बढ़ावा देने के प्रयासों में रचनात्मक भूमिका निभाने का आह्वान करेंगे।

वेनेजुएला में अमेरिकी सैन्य अभियान की उत्तर कोरिया ने कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह एक बार फिर अमेरिका के दुष्ट और क्रूर स्वभाव को दशार्ता है। कई विशेषज्ञों का कहना है कि अमेरिकी अभियान से किम अपने परमाणु हथियारों की क्षमताओं को और बढ़ाने के लिए प्रेरित हो सकते हैं, क्योंकि उनका मानना है कि इससे अमेरिकी नेतृत्व वाली शत्रुता के सामने उनकी सरकार और राज्य की संप्रभुता का अस्तित्व सुनिश्चित होगा।

# सुप्रीम कोर्ट की मुहर के साथ जनरल मामादी डूम्बूया बने गिनी के अगले राष्ट्रपति

**कोनाक्री।** जनरल मामादी डूम्बूया का गिनी का अगला राष्ट्रपति बनना लगभग तय है, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने उनकी जीत को बरकार रखा है। विपक्ष के नेता येरो बाल्डे ने उनकी जीत को शीर्ष कोर्ट में चुनौती दी थी।

गिनी के सुप्रीम कोर्ट ने रविवार को जनरल मामादी डूम्बूया की चुनावी जीत को बरकरार रखा। इसके साथ ही गिनी में तख्तापलट करने के चार साल बाद उनका लोकतांत्रिक रूप से राष्ट्रपति के रूप में सत्ता में आना तय हो गया।

चुनाव आयोग के मुताबिक, डूम्बूया ने 2021 के तख्तापलट के बाद हुए देश के पहले चुनाव में 86.7 फीसदी वोट हासिल किए। विश्लेषकों ने पहले राजधानी कोनाक्री में उनकी जीत संभावना जताई थी। अब सुप्रीम कोर्ट ने आधिकारिक रूप से इसकी पुष्टि कर दी।

रविवार देर रात अपने संबोधन में डूम्बूया ने कहा, आज न कोई विजेता है और न कोई हारने वाला। पूरा गिनी एक है, जो एकजुट और अटूट है।



उन्होंने नागरिकों से शांतिपूर्ण, न्यायपूर्ण, साझा समृद्धि वाला और पूरी तरह से राजनीतिक व आर्थिक संप्रभुता वाला नया गिनी बनाने का आह्वान किया।

### दूसरे नंबर पर रहे येरो बाल्डे ने दायर की थी याचिका

दूसरे स्थान पर रहे येरो बाल्डे को 6.59 फीसदी वोट मिले। उन्होंने चुनाव आयोग पर डूम्बूया के पक्ष में नतीजों में हेरफेरी का आरोप लगाया था और याचिका दायर की थी। हालांकि, अधिकारियों ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले से एक दिन पहले उन्होंने अपनी याचिका वापस ले ली थी।

### नए संविधान के तहत कराए गए चुनाव

यह चुनाव नए संविधान के तहत 28 दिसंबर को कराया गया था, जिसमें सैन्य नेतृत्व के चुनाव लड़ने पर लगी रोक हटा दी गई और राष्ट्रपति का कार्यकाल पांच साल से बढ़ाकर सात साल कर दिया गया।

### तख्तापलट के बाद राजनीतिक विरोधियों पर सख्ती

आलोचकों का कहना है कि 2021 के तख्तापलट के बाद से डूम्बूया ने राजनीतिक विरोधियों पर सख्ती की है, जिसके कारण चुनाव में शामिल आठ अन्य उम्मीदवारों में से कोई भी बड़ा विपक्षी नहीं रह गया।

### कमजोर विपक्ष के कारण उभरे जनरल डूम्बूया

पश्चिम अफ्रीकी देश गिनी के राजनीतिक विश्लेषक एन फाली गुइलावोगुई ने कहा कि कमजोर विपक्ष के कारण मामादी डूम्बूया ही राज्य में स्थिरता सुनिश्चित करने वाले मुख्य नेता के रूप में उभरे। उन्होंने यह भी कहा कि गिनी के लोग अब इसका इंतजार कर रहे हैं कि वह राजनीतिक स्थिरता के लिए क्या कदम उठाते हैं।

### गरीबी का सामना कर रही आधे से ज्यादा आबादी

विश्व खाद्य कार्यक्रम के मुताबिक, दुनिया का सबसे बड़ा बॉक्साइट निर्यातक होने और समृद्ध खनिज संसाधन होने के बावजूद गिनी की 1.5 करोड़ से अधिक आबादी में से आधे से ज्यादा लोग अत्यधिक गरीबी और खाद्य असुरक्षा का सामना कर रहे हैं।

गाजियाबाद नगर निगम
Ghaziabad Nagar Nigam
(ISO 9001, 14001 व 18001 प्रमाणित संस्था)
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY

# प्रथम महापौर स्व. दिनेश चंद गर्ग की पुण्यतिथि पर दी गई उन्हें श्रद्धांजलि



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। गाजियाबाद के प्रथम महापौर स्व० दिनेश चंद गर्ग की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्रद्धांजलि सभा में राजनीति, समाजसेवा, व्यापार मंडल और पत्रकारिता से जुड़े लोग पहुंचे। सभी ने स्व० डीसी गर्ग के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कई वक्ताओं ने स्व० डीसी गर्ग के जीवन से जुडे संस्मरणों को साझा किया और कहा कि ऐसी राजनीतिक हस्तियां सदिया में जन्म लेती हैं।

# गाजियाबाद के प्रथम महापौर स्व. दिनेश चंद गर्ग की स्मृति में भव्य कवि सम्मेलन आयोजित

## विधायक संजीव शर्मा ने फिजियोथैरेपी सेंटर का किया उद्घाटन







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अमरकला हिंदी साहित्य मंच एवं जवाहर लाल नेहरू युवा केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में गाजियाबाद के प्रथम महापौर स्व. दिनेश चंद गर्ग की जयंती पर लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के सानिध्य में भव्य कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। साथ ही सीएसआर फंड के अंतर्गत गुडलक इंडिया लिमिटेड के सौजन्य से प्रस्तावित जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय युवा केंद्र में दिनेश चंद्र गर्ग फिजियोथैरेपी सेंटर के रिनोवेशन कार्य का शिलान्यास सदर विधायक संजीव शर्मा ने सांसद अतुल गर्ग की गरिमामय उपस्थिति में किया।

इस अवसर पर फिजियोथैरेपी सेंटर के आयोजक मंडल में राजेंद्र मित्तल (मेदी वाले), वीरेंद्र कुमार, बाबा विपिन गर्ग, रविंद्र मित्तल, राजीव शर्मा, संजीव मित्तल, शरद शर्मा, आयुष मित्तल, यशवर्धन गुप्ता, अजय राठी एवं विशाल अग्रवाल उपस्थित रहे। वहीं मार्गदर्शक मंडल में जगत प्रकाश गर्ग एवं देशराज आहूजा का महत्वपूर्ण मार्गदर्शन रहा।

राजेंद्र मित्तल (मेदी वाले) ने जानकारी देते हुए बताया कि यह फिजियोथैरेपी सेंटर शहर के प्रथम महापौर स्वर्गीय दिनेश चंद्र गर्ग के आदर्शों पर कार्य करेगा। स्वर्गीय दिनेश चंद्र गर्ग ऐसी महान शख्सियत थे, जिन्होंने हमेशा सभी को साथ लेकर चलने का कार्य किया और अपना संपूर्ण जीवन समाज व देशहित में समर्पित किया।

पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी, महापौर सुनीता दयाल, वरिष्ठ भाजपा नेता पृथ्वी सिंह कसाना, पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री बलदेव राज शर्मा, पूर्व महापौर आशु वर्मा एवं वरिष्ठ कवि राज कौशिक ने स्व. दिनेश चंद गर्ग के कार्यों पर प्रकाश डालते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। कवि सम्मेलन के संयोजक डॉ. अजीत कुमार झा एवं नेहरू यूथ सेंटर अध्यक्ष राजेंद्र मित्तल मेदी वाले ने अतिथियों का अभिनंदन किया। मंच अध्यक्ष वैभव पाराशर एवं उपाध्यक्ष सुभाष सिंह ने कवि राज कौशिक, बेबाक जौनपुरी, डॉ. अनिल बाजपेई, वैभव शर्मा, राधिका गुप्ता, सुनहरी लाल तुरंत एवं सुनीता छाबड़ा का सम्मान किया।

इस मौके पर पप्पू पहलवान, अनिल शर्मा, हरमीत बख्शी, अमरजीत बिट्टी, रामअवतार जिंदल, सौरभ यादव, डॉ. अतुल जैन, अमरदत्त शर्मा, अजय चोपड़ा, वीरेंद्र कुमार वीरों बाबा, संजीव मित्तल, सुनील गर्ग, पार्षद राजीव शर्मा, पार्षद नीरज गोयल, पार्षद पूनम सिंह, पार्षद संतोष सिंह राणा, यशवर्धन गुप्ता, एडवोकेट शरद शर्मा, अजय राठी, अंकुर गोयल, मनीष दीक्षित, विशाल अग्रवाल, वरुण चौधरी, वीरेंद्र कुमार कंडेरे, भूषण यादव एवं रविन्द्र मित्तल का विशेष सहयोग रहा।

# कौशांबी में नगर निगम का एक्शन:
# 20 दुकानों पर चला बुलडोजर वसूला 1.30 लाख का जुर्माना





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** कौशांबी इलाके में बढ़ते अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम ने सोमवार को सख्त रुख अख्तियार किया। यशोदा अस्पताल से लेकर रोडवेज डिपो तक चले इस विशेष अभियान में नगर निगम की टीम ने सड़क घेरे बैठे 20 अवैध दुकानदारों पर कार्रवाई की। इस दौरान टीम ने मौके पर ही 1 लाख 30 हजार रुपये से अधिक का जुर्माना वसूला।

**लगातार मिल रही थीं शिकायतें :** जोनल प्रभारी सुनील कुमार राय ने बताया कि कौशांबी के इस व्यस्त मार्ग पर लंबे समय से अतिक्रमण की शिकायतें मिल रही थीं। अवैध दुकानों और रेहड़ी-पटरी वालों के कारण न केवल यातायात बाधित हो रहा था, बल्कि पैदल यात्रियों को भी निकलने में भारी मशक्कत करनी पड़ रही थी। जनहित को ध्यान में रखते हुए निगम ने यह कदम उठाया।

**विरोध के बावजूद अभियान जारी :** कार्रवाई के दौरान कुछ स्थानीय दुकानदारों ने टीम का विरोध करने की कोशिश की और काम रोकने का प्रयास किया। हालांकि, मौके पर भारी पुलिस बल की मौजूदगी के कारण विरोध ज्यादा देर नहीं टिक सका और अभियान को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न किया गया। यातायात में बाधा और स्थानीय नागरिकों की शिकायतें। नगर निगम प्रशासन ने चेतावनी दी है कि यदि दोबारा उसी स्थान पर अतिक्रमण पाया गया, तो संबंधित दुकानदारों के खिलाफ और भी कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान टी एस बीके लाल, मुख्य सफाई निरीक्षक विनोद कुमार, सफाई इंस्पेक्टर अशोक कुमार, आर आई राहुल सैनी सफाई नायक संदीप कुमार मौजूद रहे।

# तहसील में सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस का किया गयाआयोजन



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** सोमवार को आयोजित तहसील दिवस में एसडीएम अजीत कुमार सिंह ने फरियादियों की शिकायतें सुनी। इस दौरान विभिन्न विभागों से सम्बन्धित 82 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिनमें से तीन शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष पर सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिये गये है। इस दौरान तहसील के प्रशासनिक अधिकारी व अन्य मौजूद रहे।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा ब्राह्मण मंडल अध्यक्ष से हकीकत में चल रहे हैं विधायक जी नाराज? उन्होंने कुछ ऐसा कर दिया है जिससे संभल नहीं रहे हालात? कहने वाले ने कहा विधायक जी करते थे इस भगवा कमिश्नर से बहुत ज्यादा प्यार? मगर वो हैरान तब हुए जब उनको हुए इसके कहीं पर दीदार? कहने वाले ने कहा दीदार को लेकर नहीं है कोई शिकायत? मगर कुछ बोलकर कुछ करना, ये है कहां की किफायत?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा पहलवान का है अलग ही किरदार? अलग-अलग तरह के आते हैं उनके माइंड में विचार? कभी कराते हैं वो कार्यकर्ताओं की राष्ट्र और प्रदेश अध्यक्ष से मुलाकात? गजब का है उनका ये मुलाहिजा-ए-ताकत यार? सुना है अब उन्होंने पूर्व वाले मंडल अध्यक्षों को लेकर बना लिया है प्रोग्राम? 26 तारीख की डेट कर दी है उन्होंने बालाजी वाले टूर के नाम? कटवाना चाहते हैं ये शायद इन सबकी अला और बला? देखना चाहते हैं ये इन सबका भला?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के भगवा सरदार ने लगता है अपने पुत्र को राजनीति में उतारने की कर ली है तैयारी? देखने वालों ने देखा डियर पुत्र ने क्षेत्र में अपने लांचिंग के होर्डिंग कर दिये हैं जारी? पुत्र ने अपने प्रचार में पिता का भी जोड़ लिया है नाम? नदिया पार के आकाश में दे दिया है उन्होंने अपनी रिलीज होने वाली पोलिटिक्ल पिक्चर का पैगाम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब बैठे थे लैंसडाउन वाले टूर में भगवागढ़ के पार्षद एक साथ? तब वहां पर हो रही थी किस वार्ड में नंबर वन कमाई वाली बात? सुना है इस चर्चा में आया एक वार्ड का नाम? पता चला यहां से महीने की 6पेटी का होता है इंतजाम? करने लगे ये सुनकर सभी वार्डों की छंटाई? बात सामने आई ये वही वार्ड है जहां पर होती है सबसे ज्यादा कटाई?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के भगवा मैम्बर पूरी राय से हैं बहुत ही सीधे? वो जो भी कहना होता है डॉयरेक्ट कहते हैं? नहीं पढ़ते हैं कोई भी कसीदे? सुना है इस वक्त हैं वो इस बात से बहुत ज्यादा हैरान? उनके वार्ड में एक सुपरवाईजर कर रहा है 30 साल से काम? अपने कार्यकाल के चौथे वर्ष में मैम्बर साहब को लगी है इस बारे में जानकारी? अब जहां इतना समय बिता लिया है? तो फिर एक साल की भी निभा लें वो सुपरवाईजर से यारी?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि इस वक्त अगर आप टटोलोगे पार्षद राजीव शर्मा के जज्बात? जैसे ही आप लोगे उनके सामने कोटद्वार के मेयर का नाम? नाम लेते ही आ जायेगी उनके चेहरे पर मुस्कुराहट? फिर वो यहां पर अपने शब्दों से दौड़ा देंगे उन मेयर साहब की तारीफ की ट्रेन? नहीं खीचेंगे वो यहां पर बीच में चेन? देखते ही बनेगा उनकी तारीफ का जज्बा? आखिर इतनी तारीफ करने के पीछे क्या है बात? वहां कोटद्वार है तो यहां भी है गाजियाबाद?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं आपको बता रहा हूं अंदर की बात? जिस दिन अग्रवाल जी गये थे अपने साथ कई चेहरों को लेकर प्रदेश अध्यक्ष से मुलाकात करने के लिए? उस वक्त मौजूद थे वहां पर गर्ग साहब? लगाने वाले लगा रहे थे इस मौके पर इस बात का हिसाब? गर्ग साहब कितने चेहरों को लेकर गये थे अपने साथ? कहने वाले ने कहा फिलहाल तो बना हुआ है इस बात पर राज? आज नहीं तो कल ये भी बात भी बाहर आ जायेगी साहब?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि धर्मेन्द्र भैया की इन दिनों कुछ ज्यादा ही पक रही है विधायक जी के साथ खिचड़ी? सुना है सांसद जी के दिल में भी वो जगह बनाने लगे हैं खास? कहने वाले ने कहा इस खास जगह की बनने की असली क्या वजह है? इस बारे में बता देंगे खुलकर विधायक गाजियाबाद? सुना है कल हो हुआ था प्रोग्राम? उसमें विधायक जी ने सांसद जी को दिया है धर्मेन्द्र की मुहिम का पैगाम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि एक समय वार्ड 50 से टिकट मांगने के लिए दिखाई देता था बहुत सारा शोर? मगर यहां मामला भाजपा के हाथों से चला गया? फिर जो दावेदार थे वो बन गये रणछोड़? कहने वाले कह रहे हैं अब यहां पर ना तो होते हैं दुहाई वाले चौधरी के दीदार? ना ही एक्सटेंशन वाले चौधरी नजर आते हैं यार? ऐसे में जब आयेगी टिकट की बेला? तब क्षेत्र की ही जनता कहेगी हमने तो आपको यहां पर देखा है पहली बार? पांच साल तक क्यों रहे आप क्षेत्र से बाहर?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने किलगता है नागर जी को हो गया है गलतफहमियों के अंधेरे का एहसास? उन्हें आने वाले सिस्टम की कुछ भनक लग गई है साहब? तभी तो उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा है जब जागो, तब होता है सवेरा? जरूर गागर में सागर भरने वालों का किसी बात पर दूर हुआ है अंधेरा? हम नहीं कह रहे, दर्द-ए-दिल से लदा हुआ पोस्ट? कुछ ऐसे ही एहसास था फेसबुक पर कह रहा?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

# कॉल हुबर पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय शिक्षण संस्थान की बैठक आयोजित

## आरटीई दाखिलों में फर्जीवाड़ा बर्दाश्त नहीं, गरीबों का हक न मारें संपन्न लोग : पायलट राकेश त्यागी











**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सेक्टर-62 स्थित कॉल हुबर पब्लिक स्कूल में सोमवार को राष्ट्रीय शिक्षण संस्थान संगठन की एक महत्वपूर्ण क्षेत्रीय बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में गाजियाबाद, मेरठ और नोएडा क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों के प्रबंधकों और प्रधानाचार्यों ने हिस्सा लिया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पायलट राकेश त्यागी ने शिक्षा के अधिकार (आरटीई) के तहत होने वाले दाखिलों में व्याप्त अनियमितताओं पर कड़ा प्रहार किया।


### 'गरीबों के हक पर संपन्न लोगों का कब्जा'

राकेश त्यागी ने कहा कि आरटीई के माध्यम से निजी स्कूलों में आरक्षित 25 प्रतिशत सीटों पर संपन्न परिवार के लोग फर्जी प्रमाणपत्र बनवाकर प्रवेश ले रहे हैं, जो वास्तव में गरीब बच्चों के अधिकारों का हनन है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि इस प्रक्रिया में शामिल दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि सरकारी योजना का लाभ केवल पात्र और जरूरतमंद बच्चों को ही मिले। फीस प्रतिपूर्ति और मान्यता पर चिंता बैठक में स्कूलों की आर्थिक चुनौतियों का मुद्दा भी गरमाया। पदाधिकारियों ने कहा कि आरटीई के तहत मिलने वाली 450 रुपये प्रतिमाह की राशि दशकों पुरानी है और वर्तमान खर्चों के मुकाबले अत्यंत कम है। उन्होंने मांग की कि इस राशि को बढ़ाकर सरकारी स्कूलों में प्रति छात्र होने वाले व्यय के बराबर किया जाए। इसके साथ ही, विद्यालय संचालकों ने मान्यता के नवीनीकरण की जटिल प्रक्रिया पर पीड़ा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि विभिन्न प्रकार के प्रमाणपत्रों के लिए उन्हें अनावश्यक मानसिक और प्रशासनिक परेशानी झेलनी पड़ती है। संगठन की मांग है कि पूर्व की भांति विद्यालय प्रबंधन के शपथ पत्र को ही मान्यता के लिए आधार माना जाए।

**समिति गठन का सुझाव :** बैठक में उपस्थित शिक्षाविदों ने सुझाव दिया कि राष्ट्र निर्माण में स्कूलों की भूमिका को देखते हुए प्रशासन को एक विशेष कमेटी गठित करनी चाहिए। यह कमेटी स्कूल संचालन में आने वाली बाधाओं और समस्याओं का समयबद्ध निवारण कर सके।

**ये रहे उपस्थित :** इस अवसर पर पुनीत लोधी, स्मिता मिश्रा, ललित त्यागी, महादेव त्यागी, भावना, आकिद, डॉ. डी.के. सिंह, नवीन त्यागी, जीडी कपूर, सुमित त्यागी, दुष्यंत त्यागी, विकी महेश्वरी, डॉ. मीरजन, गौरव चौधरी, संदीप कुलश्रेष्ठ, सुबोध त्यागी, चंदा झा, सुशील शर्मा, अर्चित त्यागी, शरद द्विवेदी, आशा शर्मा और योगराज नागर सहित बड़ी संख्या में शिक्षा जगत से जुड़े लोग मौजूद रहे।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।